



दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak






वर्ष: 2 | अंक: 323 जयपुर, बुधवार, 01 नवंबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## कांग्रेस के 61 प्रत्याशियों की दो सूचियां जारी: कई दिन के मंथन के बाद लगी सीईसी की मुहर

# अब तक 156 नाम घोषित, कई क्षत्रप वंचित

## उदयपुर से गौरव वल्लभ, सिवाना से मानवेंद्र और श्रीमाधोपुर से दीपेंद्र शेखावत बने प्रत्याशी


बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को कई दिनों के मंथन के बाद चौथी सूची में 56 प्रत्याशियों के नाम और पांचवीं सूची में पांच उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं। इन नामों पर सीईसी की मुहर लगने के बाद सूची जारी की गई। इसके साथ ही कांग्रेस अब तक 156 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

सीईसी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और सीएम अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक में राहुल गांधी शामिल नहीं हुए। उनके तेलंगाना जाना की सूचना है। बहरहाल, इस सूची में उदयपुर से पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ को तो, जसवंत सिंह जसोल के पुत्र मानवेंद्र सिंह को सिवाना से टिकट दिया गया। ये दोनों टिकट राहुल गांधी के कोटे का माना जा रहा है। बता दें, कांग्रेस ने पहली लिस्ट में 33, दूसरी में 43 और तीसरी लिस्ट में 19 और चौथी में 56 उम्मीदवार घोषित किए गए। अब तक कुल 200 विधानसभा सीटों में से 156 सीटों पर प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। अब 44 सीटों पर नामों की घोषणा बाकी है।

कांग्रेस ने चौथी सूची में दो मुस्लिम प्रत्याशियों इरफान खान और अमीन खान को टिकट दिया है। वहीं पांचवीं सूची में साले मोहम्मद को पोकरण से टिकट दिया है। इससे पहले दो सूचियों में कांग्रेस ने 6 मुस्लिम प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया था। वहीं चौथी सूची में 7 महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। ज्यादातर प्रत्याशी उन्हीं सीटों पर बदले गए हैं, जहां पिछले चुनाव में कांग्रेस हार गई थी। इस बार ज्यादातर जिन टिकटों को बदला गया, जिन्हें सचिन पायलट खेमे का माना जा सकता है। जिन 22 प्रत्याशियों को रिपीट किया है इसमें 8 कांग्रेसी विधायक, 2 निर्दलीय और 2 बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए विधायक हैं। इनके अलावा 10 हारे हुए प्रत्याशियों को भी टिकट दिया गया है। पांचवीं सूची में पांचों नाम रिपीट किए गए हैं।

### कांग्रेस आलाकमान ने इन पर जताया अपना विश्वास




### 32 नए चेहरे उतारे

कांग्रेस की चौथी लिस्ट में सबसे चौंकाने वाली बात है कि 56 में से 32 प्रत्याशी नए हैं। बसपा छोड़ कांग्रेस में आने वाले जोगेंद्र अवाना को नदबई, कुछ दिन पहले ही बीजेपी से बागी होकर कांग्रेस में आए विकास चौधरी को किशनगढ़, कुछ घंटे पहले ही बसपा छोड़ कांग्रेस में आए इमरान खान को तिजारा से, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ को बाली से और सांगोद से भानुप्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। विकास चौधरी 2018 में किशनगढ़ सीट पर बीजेपी से लड़े थे और दूसरे नंबर पर रहे थे। इस बार बीजेपी से टिकट कट गया तो कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस ने 2018 के उम्मीदवार नंदाराम का टिकट काटकर विकास को उम्मीदवार बनाया है।

### 7 कांग्रेस और एक निर्दलीय विधायक को टिकट नहीं

सात कांग्रेस के सीटिंग विधायकों का टिकट काटा गया है। इनमें बसेड़ी से खिलाड़ी लाल बैरवा, कठूमर से बाबूलाल बैरवा, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ से जौहरी लाल मीणा, सांगोद से भरत सिंह, हिंडौन से भरोसी लाल जाटव, तिजारा से संदीप यादव और बिलाड़ा से हीरालाल मेघवाल शामिल हैं। गंगानगर से निर्दलीय राजकुमार गौड़ को टिकट नहीं मिला है।

### चौथी और पांचवीं लिस्ट में इन पायलट समर्थकों को टिकट

- दीपेन्द्र शेखावत
- विनोद गोठवाल
- अमर सिंह जाटव
- संजय जाटव
- शिव प्रकाश गुर्जर
- सुरेश गुर्जर
- रतन देवासी
- समरजीत सिंह
- हरिमोहन शर्मा
- विद्याधर चौधरी

### पायलट खेमे के कटे टिकट

- सुभाष मील
- कुलदीप इंदौरा
- सोना देवी बावरी
- खिलाड़ी लाल बैरवा
- अशोक चांडक
- हेमंत भाटी

### कुछ दिग्गजों का इंतजार अब भी है बरकरार

चौथी और 5वीं सूची में भी यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और पीएचईडी मंत्री महेश जोशी और आरटीडीसी के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ के नाम नहीं आए हैं। इनका इंतजार अब भी बरकरार है।

### वल्लभ उदयपुर से प्रत्याशी

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ को उदयपुर से मैदान में उतार दिया है। गौरव वल्लभ जोधपुर जिले के पीपाड़ गांव के रहने वाले हैं। पीपाड़ में प्राथमिक शिक्षा के बाद गौरव ने पाली के बांगड़ कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की है।

### अन्य पार्टियों से आए, टिकट मिला

**बीजेपी**
- विकास चौधरी
- सुरेन्द्र गोयल

**बसपा**
- इमरान खान
- दीपचंद खेरिया
- जोगिन्दर अवाना

**निर्दलीय**
- महादेव खंडेला
- कांति प्रसाद मीणा

### कांग्रेस की चौथी सूची में शामिल सीटवार नाम

| सीट | नाम |
|---|---|
| गंगानगर | अंकुर मंगलानी |
| रायसिंह नगर | सोहन लाल नायक |
| अनूपगढ़ | शिमला देवी नायक |
| पीली बंगा | विनोद गोठवाल |
| बीकानेर ईस्ट | यशपाल गहलोत |
| लूणकरणसर | राजेंद्र मूंड |
| चूरू | रफीक मंडेलिया |
| खंडेला | महादेव सिंह |
| श्रीमाधोपुर | दीपेंद्र सिंह |
| तिजारा | इमरान खान |
| किशनगढ़ बास | दीपचंद खेरिया |
| बहरोड़ | संजय यादव |
| थाना गाजी | कांति प्रसाद मीणा |
| राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ | मांगीलाल मीणा |
| कठूमर | संजना जाटव |
| नदबई | जोगेंद्र अवाना |
| बयाना | अमर सिंह जाटव |
| बसेड़ी | संजय कुमार जाटव |
| हिंडौन | अनीता जाटव |
| बामनवास | इंदिरा मीणा |
| निवाई | प्रशांत बैरवा |
| किशनगढ़ | विकास चौधरी |
| अजमेर दक्षिण | द्रौपदी कोली |
| नसीराबाद | शिवप्रकाश गुर्जर |
| ब्यावर | पारस जैन |
| मकराना | जाकिर हुसैन |
| जैतारण | सुरेंद्र गोयल |
| पाली | भीमराज भाटी |
| बाली | बद्री राम जाखड़ |
| भोपालगढ़ | गीता बैरवार |
| बिलाड़ा | मोहन लाल |
| शिव | अमीन खान |
| सिवाना | मानवेंद्र सिंह |
| चोहटन | पदमाराम मेघवाल |
| जालोर | रमीणा मेघवाल |
| भीनमाल | समरजीत सिंह |
| रानीवाड़ा | रतन देवासी |
| पिंडवाड़ा | लीलाराम गरासिया |
| गोगुंदा | मांगीलाल गरासिया |
| उदयपुर ग्रामीण | विवेक कटारा |
| उदयपुर | गौरव वल्लभ |
| धरियावद | नगराज मीणा |
| आसपुर | राकेश रोत |
| सागवाड़ा | कैलाश भील |
| गढ़ी | शंकरलाल |
| कपासन | शंकर लाल बैरवा |
| बेगू | राजेंद्र बिधूड़ी |
| बड़ी सादड़ी | बद्री लाल जाट |
| कुंभलगढ़ | योगेंद्र सिंह |
| राजसमंद | नारायण सिंह भाटी |
| बूंदी | हरिमोहन शर्मा |
| सांगोद | भानू प्रताप सिंह |
| छबड़ा | करण सिंह राठौड़ |
| डग | छेतराज गहलोत |
| खानपुर | सुरेश गुर्जर |
| मनोहर थाना | नेमीचंद मीणा |

### 5वीं सूची में 5 नाम

| नाम | सीट |
|---|---|
| विद्याधर चौधरी | फुलेरा |
| रूपाराम मेघवाल | जैसलमेर |
| सालेह मोहम्मद | पोकरण |
| हंगामी लाल मेवाड़ा | आसींद |
| धीरज गुर्जर | जहाजपुर |

### 61 प्रत्याशियों में 45 आमने-सामने के तय

| विधानसभा सीट | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| 1 श्रीगंगानगर | अंकुर मगलानी | जयदीप बिहाणी |
| 2 रायसिंहनगर | सोहन लायक | बलवीर सिंह लूथरा |
| 3 अनुपगढ़ | शिमला देवी नायक | संतोष बावरी |
| 4 पीलीबंगा | विनोद गोठवाल | धर्मेंद्र मोची |
| 5 बीकानेर ईस्ट | यशपाल गहलोत | सिद्धि कुमारी |
| 6 लूणकरणसर | डॉ. राजेंद्र मुंड | सुमित गोदारा |
| 7 चूरू | रफीक मंडेलिया | हरलाल सहारण |
| 8 श्रीमाधोपुर | दीपेंद्र सिंह | झाबर सिंह खर्रा |
| 9 तिजारा | इमरान खान | बाबा बालकनाथ |
| 10 थानागाजी | कांति प्रसाद मीणा | हेम सिंह भडाना |
| 11 हिंडौन | अनिता जाटव | राजकुमारी जाटव |
| 12 बामनवास | इंद्रा मीणा | राजेंद्र मीणा |
| 13 किशनगढ़ | विकास चौधरी | भागीरथ चौधरी |
| 14 अजमेर | द्रौपदी कोली | अनिता भदेल |
| 15 नसीराबाद | प्रकाश गुर्जर | रामस्वरूप लांबा |
| 16 ब्यावर | पारसपंच जैन | शंकर सिंह रावत |
| 17 मकराना | जाकिर हुसैन | सुमिता भींचर |
| 18 जैतारण | सुरेंद्र गोयल | अविनाश गहलोत |
| 19 पाली | भीमराज भाटी | ज्ञानचंद पारख |
| 20 बाली | बद्रीराम जाखड़ | पुष्पेंद्र सिंह राणावत |
| 21 बिलाड़ा | मोहनलाल कटारिया | अर्जुनलाल गर्ग |
| 22 सिवाना | मानवेंद्र सिंह | हम्मीर सिंह भायल |
| 23 चोहटन | पदमाराम मेघवाल | आदूराम मेघवाल |
| 24 जालोर | रमिला मेघवाल | जोगेश्वर गर्ग |
| 25 पिंडवाड़ा-आबू | लीलाराम गरासिया | समाराम गरासिया |
| 26 गोगुंदा | मांगीलाल गरासिया | प्रताप लाल गमेती |
| 27 उदयपुर ग्रामीण | विवेक कटारा | फूल सिंह मीणा |
| 28 उदयपुर | गौरव वल्लभ | ताराचंद जैन |
| 29 धारियावाद | नागराज मीणा | कन्हैयालाल मीणा |
| 30 आसपुर | राकेश रोट | गोपीचंद मीणा |
| 31 सागवाड़ा | कैलाश कुमार भील | शंकर लाल डेचा |
| 32 गढ़ी | शंकर लाल चारपोटा | कैलाश चंद्र मीणा |
| 33 बड़ी सादड़ी | बद्री लाल जाट | गौतम सिंह डाक |
| 34 कुंभलगढ़ | योगेंद्र सिंह परमार | सुरेंद्र सिंह राठौड़ |
| 35 राजसमंद | नारायण सिंह भाटी | दीप्ती माहेश्वरी |
| 36 बूंदी | हरिमोहन शर्मा | अशोक डोगरा |
| 37 सांगोद | भानू प्रताप सिंह | हीरालाल नागर |
| 38 छबड़ा | करण सिंह राठौड़ | प्रताप सिंह सिंघवी |
| 39 डग | चेतराज गहलोत | कालूलाल मेघवाल |
| 40 खानपुर | सुरेश गुर्जर | नरेंद्र नागर |
| 41 मनोहर थाना | नेमीचंद मीणा | गोविंद्र रानिपुरिया |
| 42 फुलेरा | विद्याधर चौधरी | निर्मल कुमावत |
| 43 पोकरण | सालेह मोहम्मद | प्रताप पुरी महाराज |
| 44 आसींद | हंगामी लाल मेवाड़ा | झब्बर सिंह सांखला |
| 45 जहाजपुर | धीरज गुर्जर | गोपीचंद मीणा |

## जरूरी खबर

### पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनें आज करेंगी करवा चौथ

**जयपुर।** पति की लंबी आयु और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना से सुहागिन महिलाएं बुधवार को करवा चौथ का निर्जल व्रत रखेंगी। कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को करवा चौथ कहा जाता है। इस चतुर्थी की रात चौथ माता की पूजा और चंद्र उदय के बाद चंद्रदेव को अर्घ्य देने की परंपरा है। रात में चंद्र दर्शन और पूजन के बाद ही महिलाएं व्रत खोलती हैं। ज्योतिषी पं. गोरीशंकर शर्मा ने बताया कि बुधवार को चंद्रोदय रात्रि 8.15 बजे होगा। इसके बाद महिलाएं चंद्र देव को अर्घ्य अर्पित कर व्रत संपन्न करेंगी। इससे पूर्व सुबह महिलाएं सोलह श्रृंगार में सज-धजकर भगवान गणपति और चौथ माता की पूजा-अर्चना कर कथा सुनेंगी।

### 7 से 30 नवंबर तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध




**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने 7 नवंबर सुबह 7 बजे से 30 नवंबर की शाम 6.30 बजे तक के लिए एक्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस दौरान राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मिजोरम, तेलंगाना और नगालैंड के तापी विधानसभा क्षेत्र में एक्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा। निर्देशों के अनुसार राजस्थान सहित अन्य चुनाव वाले राज्यों में मतदान से 48 घंटे पूर्व ओपिनियन पोल या अन्य पोल सर्वे के प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा।

### ये भी देखें...


पेज-2: जयपुर में 5 ने भरा पर्चा
पेज-3: लॉकर्स से निकलने लगे हीरे
पेज-4: केन्द्रीय मंत्री के घर धरना
पेज-9: जेजेके में जमा लोकरंग
पेज-10: भारत विरोधी मिशन फेल



सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


## भाजपा: आज खत्म हो सकता है तीसरी सूची का इंतजार, सीईसी की लगेगी मुहर

# कोर कमेटी का 76 नामों पर देर रात तक मंथन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए बचे 76 भाजपा प्रत्याशियों की तीसरी सूची सीईसी की बुधवार को होने वाली बैठक में फाइनल हो सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार इस सूची में कुछ चौंकाने वाले नाम हो सकते हैं। इसके लिए मंगलवार को प्रदेश कोर कमेटी की बैठक देर रात तक चली। कमेटी के सदस्य पहले प्रह्लाद जोशी के आवास पर जुटे, फिर सभी जेपी नड्डा के आवास पहुंचे, जहां नड्डा व अमित शाह ने कोर ग्रुप सदस्यों से तमाम नामों पर विस्तार से चर्चा की।



### अभी कई बड़े नामों पर संशय

अब तक भाजपा दो सूचियों में अपने 124 प्रत्याशियों को मैदान में उतार चुकी है। भाजपा ने पहली लिस्ट नौ अक्टूबर को जारी की थी, जिसमें 41 प्रत्याशी घोषित किए थे। इस लिस्ट में 7 सांसदों को भी शामिल किया गया था। वहीं 21 अक्टूबर को 83 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी, जिसमें राजेंद्र राठौड़ और वसुंधरा राजे का नाम शामिल थे। हालांकि बीजेपी के कुछ बड़े नामों पर मुहर लगने की चर्चा है, इनमें कुछ सांसद भी शामिल हैं।

### बगावती सुरों पर हुई चर्चा

सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी ने पिछली लिस्ट के बाद उठे बगाबती सुरों से सबक लिया है। ऐसे में उन सीटों पर अधिक चर्चा की, जहां दो-तीन प्रबल दावेदार हैं। चूंकि अब नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में पार्टी के नेता बगावत को लेकर किसी भी तरह का रिस्क लेने से बचना चाह रही है।

### मोदी-नड्डा लगाएंगे अंतिम मुहर

केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को होने वाली बैठक में चर्चा के बाद पार्टी बचे प्रत्याशियों का ऐलान कर सकती है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, वसुंधरा राजे, अरुण सिंह, राजेंद्र राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, सतीश पूनियां, कैलाश चौधरी, ओमप्रकाश माथुर और भूपेन्द्र यादव सहित प्रदेश भाजपा के कई नेता मौजद रहेंगे।

## भ्रष्टों को मिला अभयदान!

# कानून की आड़ में HOD बचा रहे चहेते अधीनस्थों को

## ■ पद के दुरुपयोग वाले 350 केस में एसीबी ने मांगी अनुमति, मिली सिर्फ 25 में

बेधड़क | जयपुर

ऊंचे ओहदों पर बैठकर करोड़ों के घपले करने वाले अफसरों को एक नए कानून ने 'अभयदान' दे दिया है। भ्रष्टाचार के एक्ट में संशोधन होने के बाद एसीबी के अधिकारी पद का दुरुपयोग करने वाले 350 से ज्यादा केस में जांच ही नहीं कर पा रहे हैं।

एसीबी ने वर्ष 2019 से अब तक दर्ज इन मामलों में अफसर-कर्मचारियों (आईएएस-आरएएस भी) के खिलाफ सबूत मिलने पर संबंधित विभागों से मुखियाओं से जांच करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन वे अनुमति ही नहीं दे रहे है।




पिछले चार साल में एसीबी को 350 मामलों में केवल 22 पद के दुरुपयोग के प्रकरणों में जांच की अनुमति मिली है, जबकि इस अवधि में 17 से ज्यादा मामलों तो जांच की मनाही ही कर दी गई। ऐसे में विभागों के मुखियाओं की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### वर्ष 2018 में कानून हुआ संशोधित

दरअसल वर्ष 2018 में भ्रष्टाचार एक्ट में संशोधन हुआ था। संशोधित एक्ट उसी साल 26 जुलाई से पूरे देश में प्रभावी हो गया था। पद के दुरुपयोग के मामले में एसीबी के इस संशोधित कानून ने हाथ बांध दिए हैं।

### इन विभागों से मांगी गई स्वीकृति

एसीबी ने पंचायती राज विभाग से सर्वाधिक 91 मामलों में अनुमति मांगी है। वहीं, स्वायत्त शासन के 54, नगरीय विकास विभाग के 33, राजस्व विभाग के 29, चिकित्सा विभाग के 16, सहकारिता व खान विभाग के 13-13, जलदाय व कार्मिक विभाग के 9-9, वन विभाग व स्थानीय निकाय विभाग के 8-8 प्रकरणों में जांच की स्वीकृति मांगी है।

> पद के दुरुपयोग करने के मामले में विभागों से जांच की अनुमति मांगी जाती है। वहां से अनुमति मिलने के बाद ही जांच की जाती है और मुकदमा दर्ज किया जाता है। कानून में संशोधन होने के बाद एसीबी सीधे ऐसे मामलों में कार्रवाई नहीं कर पाती है।
>
> **हेमंत प्रियदर्शी,** कार्यवाहक डीजी, एसीबी

## जरूरी खबर

### औद्योगिक विकास ठप, प्रदेश में घटे रोजगार के अवसर



**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 5 सालों में प्रदेश का औद्योगिक विकास ठप हो गया है और यहां पर अधिकारियों तथा मंत्रियों की कमीशनखोरी के कारण बड़े उद्योगपतियों को राजस्थान से मोह भंग हो रहा है। प्रदेश में महंगी बिजली तथा पैट्रोल और डीजल पर ज्यादा डीजल के कारण उद्योगों को यहां कोई सहुलियत नहीं मिल पा रही है। ऐसे में अब यहां स्थापित उद्योग भी पड़ोसी राज्य गुजरात या हरियाणा में जमीन तलाश कर रहे हैं। इससे प्रदेश में रोजगार के अवसर भी घट रहे हैं।

### शुभ्रा सिंह ने स्टेट कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने मंगलवार शाम स्वास्थ्य भवन स्थित 24 घंटे संचालित स्टेट कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिंह ने कहा कि स्टेट कंट्रोल रूम में आने वाली हर शिकायत का रजिस्टर में इंद्राज हो और समस्या का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में आने वाले सभी कॉल्स का संतोषजनक जवाब देने के साथ ही शिकायतों को संबंधित शाखा में भेजकर उसका यथासंभव समाधान , साथ ही निरन्तर फोलो-अप भी किया जाए।

### एकता, अखंडता और सत्यनिष्ठा की दिलाई शपथ



**जयपुर।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के अधिकारियों व कार्मिकों ने राष्ट्रीय एकता दिवस व सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सत्यनिष्ठा की शपथ ली। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता व आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में सभी देशवासियों का योगदान आवश्यक है। इस अवसर पर डिप्टी जनरल मैनेजर सीएनपी विवेक श्रीवास्तव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संदेश, डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, सीएफओ दीप्तांशु पारीक ने सीवीसी के संदेश का वाचन किया।

---

**प्रदेश भर में गारंटी यात्रा निकालेगी कांग्रेस, पार्टी ने 7 संभागों की जिम्मेदारी तय की**

# सरकार की गारंटियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे कांग्रेस प्रभारी

■ **सीपी जोशी को उदयपुर तो सचिन पायलट को अजमेर संभाग की कमान**

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा से पहले कांग्रेस प्रदेशभर में गारंटी यात्रा निकालेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले दिनों प्रेस कांफ्रेंस कर राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए सरकार की 7 गारंटी लांन्च की थी। अब इन गारंटियों को घर-घर पहुंचाने के लिए कांग्रेस प्रदेश भर में यात्राएं निकालेगी। यात्रा के तहत प्रदेश के बड़े नेताओं को अलग-अलग संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है, साथ ही तीन सह प्रभारियों को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

हालांकि इस बात का खुलासा अभी नहीं किया गया है कि यह गारंटी यात्रा कब और कहां से शुरू होगी, पर चर्चा है कि कांग्रेस इसकी शुरुआत बीकानेर से कर सकती है। इसके लिए एआईसीसी की तरफ से 7 प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। इसमें सीपी जोशी को उदयपुर संभाग व सचिन पायलट को अजमेर संभाग में कांग्रेस गारंटी यात्रा की जिम्मेदारी दी गई है।




**ये नेता संभालेंगे यात्रा की जिम्मेदारी**

इस यात्रा के लिए विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को उदयपुर जोन, सचिन पायलट को अजमेर संभाग, पूर्व मंत्री हरीश चौधरी को जोधपुर, कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को बीकानेर डिवीजन, पूर्व सांसद भंवर जितेंद्र सिंह को जयपुर क्षेत्र, वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश को भरतपुर और कैबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया को कोटा संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं AICC सचिव काजी निजामुद्दीन, वीरेंद्र सिंह राठौड़ और अमृता धवन को इन यात्राओं के को-ऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**रंधावा ने जताया भरोसा**

पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा ने गारंटी यात्रा की जानकारी देते हुए लिखा कि कांग्रेस की 7 गारंटी को राजस्थान की जनता का शानदार समर्थन मिल रहा है। 'कांग्रेस गारंटी यात्रा' के तहत 7 गारंटियों को प्रदेश के हर घर तक पहुंचाने के लिए 7 प्रभारियों और 3 समन्वयकों को मनोनीत किया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि पार्टी और कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ कांग्रेस की इन गारंटियों को हर गांव-ढाणी तक पहुंचाकर सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**ये है कांग्रेस की गारंटी**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीते दिनों जयपुर में गृहलक्ष्मी गारंटी के तहत परिवार की महिला मुखिया को सालाना 10,000 रुपए, प्रदेश के गौ पालकों से 2 रुपए प्रति किलो की दर से गोबर की सरकारी खरीद, सरकारी कॉलेजों में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स को लैपटॉप, प्राकृतिक आपदा से नुकसान होने पर 15 लाख रुपए तक के निःशुल्क बीमा की गारंटी, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की संख्या बढ़ाकर बच्चों को मुफ्त शिक्षा की गारंटी, प्रदेश के 1 करोड़ से अधिक परिवारों को सिर्फ 500 रुपए में गैस सिलेंडर और सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस का कानून बनाने की गारंटी दी थी।

---

**विधानसभा आम चुनाव: भाजपा के स्टार प्रचारकों के दौरे शुरू**

# जयपुर में 5 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा, प्रदेश में कुल 37 नामांकन

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की नामंकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख छह नवंबर है। दूसरे दिन जयपुर की 19 विधानसभा में से पांच उम्मीदवारों ने छह नामांकन भरे। इसमें बगरु, झोटवाड़ा, आदर्श नगर, सांगानेर और कोटपूतली के प्रत्याशी शामिल हैं।

वहीं सांगानेर से कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेंद्र भरद्वाज ने 2 नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके साथ ही प्रदेशभर के 29 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 31 उम्मीदवारों ने 37 पर्चे भरे। जानकारी के अनुसार कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार सैनी, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय सांवरमल, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय रियाजुद्दीन एवं बगरू विधानसभा क्षेत्रमें निर्दलीय प्रत्याशी सोहनलाल नागरवाल ने नामांकन पत्र जमा करवाए। वहीं झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी आदित्य प्रकाश शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इधर टोंक से कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने नॉमिनेशन किया। वहीं विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजजा के स्टार प्रचारकों के दौरे भी बुधवार से शुरू होने वाले हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आज प्रदेश दौरे पर रहेंगे। तो वहीं केशव प्रसाद मौर्य और राजनाथ सिंह के कार्यक्रम भी तय कर दिए गए हैं।



**केंद्रीय नेताओं के साथ निकालेंगे रैली**

नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही अब भाजपा प्रत्याशी भी केंद्रीय नेताओं के साथ रैली कर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। बुधवार से ही भाजपा के कई प्रत्याशी अपना नामांकन भरना शुरू करेंगे। भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन में कई केंद्रीय नेता जुटेंगे। बुधवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी बाबा बालकनाथ के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे। तिजारा में भाजपा प्रत्याशी बालकनाथ के समर्थन में सभा को भी संबोधित करेंगे।

**भजनलाल शर्मा को बताया बाहरी**

सांगानेर विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेंद्र भारद्वाज के साथ नामांकन पत्र भरने के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे। भारद्वाज के समर्थक गाड़ियां और दो जेसीबी लेकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे और जमकर आतिशबाजी भी की। अपनी पत्नी और पिता के साथ पहुंचे पुष्पेंद्र भारद्वाज हिंदुत्व की छवि में नजर आए। भारद्वाज सिर और गले में भगवा गमछा बांधकर पहुंचे। नामांकन से पहले उन्होंने अपने चुनाव कार्यालय पर पूजा-अर्चना की। नामांकन भरने के बाद रिटर्निंग अधिकारी के ऑफिस से बाहर आकर उन्होंने कार्यकर्ताओं से जय श्रीराम के जयकारे लगवाए। नामांकन भरने के बाद पुष्पेंद्र भारद्वाज ने मीडिया से बात करते हुए विपक्ष प्रत्याशी भजनलाल शर्मा को बाहरी बताया। भारद्वाज ने कहा कि पिछले 20 साल से बीजेपी ने यहां से तीसरा प्रत्याशी उतारा है। आज तक सांगानेर में पानी, सीवरेज, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता परेशान है। मैं पिछले चुनाव में हारकर भी जनता के बीच रहा। यहां से बीजेपी के विधायक जीतने के बाद एक बार भी जनता के बीच नहीं आए।

**राजनाथ सिंह की सभा शुक्रवार को**

गुरुवार को आमेर से भाजपा प्रत्याशी सतीश पूनियां के नामांकन रैली और आम सभा में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भाग लेंगे। इसके बाद शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजसमंद के दौरे पर आएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नाथद्वारा और राजसमंद भाजपा प्रत्याशियों के कार्यक्रम में शामिल होंगे। रक्षा मंत्री शुक्रवार को सुबह 10 बजे नाथद्वारा में श्रीनाथजी के दर्शन करेंगे। उसके बाद राजसमंद से उम्मीदवार दीप्ति माहेश्वरी के समर्थन में सभा को सम्बोधित करेंगे।

---

**पूर्व डिप्टी सीएम ने भरा नामांकन**

# पांच साल में दोगुनी हुई पायलट की संपत्ति पत्नी से हुआ तलाक



**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा चुनावों के लिए मंगलवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के टोंक विधानसभा के प्रत्याशी सचिन पायलट ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान पेश किए हलफनामे में पायलट को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। दरअसल, पायलट ने नामांकन दाखिल करने के दौरान जो एफिडेविड दाखिल किया है, उसमें उन्होंने खुद को तलाकशुदा बताया है। उन्होंने अपने हलफनामे में पत्नी के नाम के आगे तलाकशुदा लिखा। जबकि 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट ने अपने एफिडेविट अपनी पत्नी सारा पायलट का जिक्र किया था। इससे पहले पायलट नामांकन करने के लिए रोड शो करते हुए पहुंचे। इस दौरान भारी संख्या में उनके समर्थक मौलूद रहे। नामांकन की शुरुआत में उन्होंने पहले श्री मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव जी के दर्शन किए। उसके बाद वो मंदिर से रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय तक रोड शो करते हुए पहुंचे, जहां रोड शो में लाखों की संख्या में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान उन्होंने एक सभा को भी संबोधित किया।

**7.5 करोड़ की संपत्ति**

चुनावी हलफनामे से पता चला है कि पिछले 5 सालों में सचिन पायलट की संपत्ति दोगुनी हो गई है। सचिन ने 2018 के हलफनामे में अपनी संपत्ति 3.8 करोड़ बताई थी तो वहीं इस साल तक बढ़कर करीब 7.5 करोड़ रुपए हो गई है।

---

**भाजपा महिला ब्रिगेड का कांग्रेस पर जुबानी हमला**

# आतंकी संगठन से हिंदुत्व की तुलना गलत

■ **रीट की चोट से राजस्थान के 70 लाख से ज्यादा युवा पीड़ित**

**बेधड़क | जयपुर**



भाजपा का प्रदेश नेतृत्व जहां टिकटों पर मंथन में व्यस्त है, वहीं दूसरी ओर भाजपा की महिला ब्रिगेड विपक्षी दलों पर निशाना साध रही हैं। महिला उत्पीड़न, पेपर लीक और प्रदेश में बढ़ती बिजली की दरों को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अपूर्वा सिंह, डॉ. निमिषा गौड़ और एकता अग्रवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सोनिया गांधी और प्रियंका वाड्रा पर जुबानी हमला किया।

महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अपूर्वा सिंह ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी कहती हैं कि जब हिंदु राष्ट्र की अवधारणा सही है तो खालीस्तान की मांग भी जायज है। सोनिया गांधी खालिस्तान और आतंकी संगठन हमास की तारीफ कर रही हैं, तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस के लोग किसी भी हद तक गिर सकते हैं।

वहीं डॉ. निमिषा गौड़ कहा कि प्रदेश की आधी आबादी आज असुरक्षित नहीं है। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के 70 लाख युवाओं पर पेपर लीक की ऐसी चोट मारी है जिसके दर्द से अभी तक प्रदेश का युवा कराह रहा हैं। वहीं एकता अग्रवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार मौजूदा दौर में मृत्युशय्या पर है, मुफ्त बिजली का दावा करने वाली कांग्रेस सरकार ने बीते पांच सालों में अलग-अलग टैक्स लगाकर नौ बार बिजली की दरों को बढ़ाया।

पांच साल पहले प्रदेश में प्रति यूनिट 5 रूपये 55 पैसे की दर थी जिसे बढ़ाकर कांग्रेस ने 11 रुपए 90 पैसे कर दिया। 100 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा और गारंटी का दावा इसलिए भी खोखला है, क्योंकि लोगों के हाथों में बढ़े हुए बिजली के बिल थमा दिए गए।

---

**कांग्रेस प्रवक्ता का भाजपा पर पलटवार**

# महंगाई के लिए राज्य नहीं केवल केंद्र सरकार जिम्मेदार: पाटिल

**बेधड़क | जयपुर**



कांग्रेस प्रवक्ता एवं राजस्थान मीडिया प्रभारी अतुल लोंढे पाटिल ने कहा कि एक झूठ को सौ बार बोलो तो लोगों को सच लगने लगता है यह सोचकर भाजपा के नेता बार-बार झूठ बोलते हैं, किन्तु सवाल यह है कि देश में बढ़ती महंगाई के लिए कभी कोई प्रदेश की सरकार जिम्मेदार नहीं है, इसके लिए केवल केंद्र सरकार जिम्मेदार है। एआईसीसी प्रवक्ता पाटिल मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फसल की कमी की वजह से या बाजार में कमी की वजह से किसी वस्तु की कीमत बढ़ने के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार होती है या केन्द्र सरकार, इस प्रश्न का उत्तर भाजपा को देना चाहिए।

जीएसटी लागू होने के पश्चात एक्साइज और वैट को छोड़कर कोई ऐसा टैक्स नहीं बचा जो राज्य सरकार लगाती हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकारों द्वारा प्रस्तुत बजट का हिस्सा भी देखकर पता किया जा सकता है कि राज्य सरकार द्वारा लगाया गया टैक्स पेट्रोल अथवा लीकर पर ही होता है, अन्य कोई टैक्स राज्य सरकारों के क्षेत्राधिकार में नहीं है।

उन्होंने प्रश्न किया कि क्या मोदी वही प्रधानमंत्री नहीं है जिन्होंने चुनावों में कहा था कि दूध, दही सब चीजों पर कांग्रेस टैक्स लगाने वाली है जबकि सत्ता में आने के बाद दूध, दही, छाछ पर टैक्स लगाने का कार्य मोदी सरकार ने ही किया है। जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं वहां जनता को मंहगाई राहत देने की कोशिश की गई है।

---

**22 दिन में 400 करोड़ नकदी व अवैध सामग्री जब्त**

# आचार संहिता में जब्त राशि को रिलीज करवाने के लिए कर सकेंगे आवेदन

**बेधड़क | जयपुर**

आचार संहिता के उल्लंघन के दौरान जब्त की गई राशि को रिलीज करवाने के लिए अब अपील कर सकते हैं। उड़न दस्ते, एसएसटी या पुलिस प्राधिकारियों द्वारा जब्त की गई नकद राशि को रिलीज करवाने के लिए जिला स्तरीय अपीलीय समिति के समक्ष आवेदन किया जा सकता है। यह समिति संबंधित अपीलार्थी के वैध दस्तावेज का अवलोकन कर जब्त की गई नकद राशि को रिलीज कर सकती है। विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक प्रदेश में 400 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की गई है।



**जयपुर जिले में 65 करोड़ जब्त**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि गत विधानसभा चुनाव के मुकाबले अब तक 565 प्रतिशत अधिक मूल्य की अवैध नकदी, अवैध शराब, बहुमूल्य धातुओं और अन्य सामग्री जब्त की गई है। जब्ती के मामले में जयपुर जिला 65 करोड़ 19 लाख रुपए के साथ पहले स्थान पर है। अलवर जिले में 21 करोड़ 14 लाख रुपए, उदयपुर जिले में 18 करोड़ 52 लाख रुपए, जोधपुर जिले में 18 करोड़ 28 लाख रुपए और बीकानेर जिले में 18 करोड़ 4 लाख रुपए की जब्ती हो चुकी है।

**मतदान के सात दिन बाद करना होगा निस्तारण**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अपीलीय समिति में जिला परिषद सीईओ, जिला कोषागार अधिकारी और संयोजक के रूप जिला निर्वाचन कार्यालय में व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी शामिल होंगे। विभिन्न निगरानी दलों द्वारा नकदी आदि की जब्ती के सभी मामले तत्काल इस अपीलीय समिति के ध्यान में लाए जाते हैं। एफआईआर या शिकायत दर्ज नहीं होने की स्थिति में जब्त की गई नकदी अथवा बहुमूल्य वस्तुओं से संबंधित ऐसे मामले किसी भी परिस्थिति में मालखाना या कोषागार में मतदान की तारीख के पश्चात सात दिनों से अधिक समय के लिए लंबित नहीं रखे जाएंगे। यह रिटर्निंग अधिकारी का उत्तरदायित्व है कि ऐसे सभी मामलों को अपीलीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करें और अपीलीय समिति के आदेशानुसार नकदी एवं बहुमूल्य वस्तुओं को रिलीज करें।

**50 हजार रुपए से अधिक की नकदी नहीं रखें**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा सघन जांच कार्य किया जा रहा है। ऐसे में लोग चुनाव अवधि में 50 हजार रुपए से अधिक नकद राशि लेकर परिवहन करने से बचें। बहुत जरूरी होने पर नकद राशि के संबंध में सम्पूर्ण दस्तावेज यथा बैंक स्टेटमेंट, नकद प्राप्ति का स्रोत एवं राशि के व्यय का प्रयोजन इत्यादि के संबंध में साक्ष्य दस्तावेज साथ में रखें ताकि जांच के दौरान निगरानी दल के समक्ष वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर परेशानी से बचा जा सके।

**दीपोत्सव की तैयारियां:** राजधानी के बाजारों को सजाने के लिए दिन और रात एक कर रहे कारीगर

# पिंकसिटी के बाजार होने लगे गुलजार, सजावट के लिए मची होड़

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में दिवाली के त्योहार को लेकर बाजार सजने लगे हैं। अपना बाजार अच्छा सजे, इसे लेकर व्यापार मंडलों में होड़ मची है। व्यापार मंडलों ने बाहर से विशेष कारीगर बुलाए है, जो दिन-रात एक कर सजावट को अंतिम रूप देने लगे हैं। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का दावा है कि चुनावी माहौल के बीच इस बार शहर के लोगों को बाजारों में कुछ अलग विशेष सजावट देखने को मिलेगी। वहीं त्योहार पर बाजारों में व्यवस्था और सजावट को लेकर मंगलवार को चैंबर भवन में शहर के व्यापार मंडल और स्थानीय प्रशासन की बैठक का भी आयोजन किया गया। इसमें पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ और जयपुर जिला परिषद कार्यकारी अधिकारी श्वेता सिंह मौजूद रही। दोनों ने सभी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से समस्याएं सुनीं और उनके निवारण के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान सभी ने चुनावों में मतदान के लिए अपनी भागीदारी देने की बात कही।




### चांदपोल में होंगे देव दर्शन

जयपुर व्यापार महासंघ और चांदपोल व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि दिवाली को यादगार बनाने के लिए सभी व्यापार मंडल जुट गए हैं। बाहर से आए कारीगर रोशनी और भव्य गेट बनाने में लगे हैं। कई जगहों पर तो लाइटिंग का काम पूरा हो चुका है। चांदपोल बाजार में इस बार लोगों को देव दर्शन होंगे। पूरे बाजार में जगह-जगह पर झांकियां सजाई जाएगी। इसके लिए बंगाल और दिल्ली से कारीगर आ गए हैं। अभी लाइट लग रही है। वहीं गेट भी बनाने का काम शुरू हो चुका है। इसके अलावा पांच बत्ती पर इस बार सितारे जमीं पर उतारे जाएंगे। यहां पांच प्रकार की लाईटें लगाने का काम शुरू हो गया है। वहीं बाजार में कई बड़े शोरूर्स भी विशेष सजावट करा रहे हैं।



### चौमूं में मिलावट के खिलाफ एक्शन

त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मिलावट करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि त्योहारी सीजन के कारण प्रदेशभर में मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत सघनता से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत मंगलवार को चौमूं तहसील के चीथवाड़ी में 11 मावा फैक्ट्रियों पर छापा मारा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर-प्रथम विजय सिंह फौजदार के नेतृत्व में चार खाद्य सुरक्षा दलों ने एक साथ पर कार्रवाई की। उन्होंने ने बताया कि 11 मावे की भट्टियों में परमानंद मावा पनीर उद्योग, मनोज कुमार मावा, एलआर मावा पनीर, शंकर जाट मावे वाला, शर्मा मावा पनीर, अर्जुन लाल जाट मावे वाला, साधुराम मावे वाला, कविराज मावे वाला एवं मोहन मावे वाला आदि का सघन निरीक्षण कर दूध और मावे के 15 नमूने लिए। सभी फर्मों को मिलावटी या अमानक मावा, पनीर आदि दुग्ध उत्पाद तैयार नहीं करने और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों की अनुपालना करने के लिए पाबंद किया गया।

## जरूरी खबर

### उ.प. रेलवे जीएम अमिताभ ने किया कार्यभार ग्रहण



**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के नए महाप्रबंधक अमिताभ होंगे। भारतीय रेल मैनजमेंट सर्विस के अधिकारी अमिताभ ने इस पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व अमिताभ उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के पद पर कार्यरत् थे। अमिताभ भारतीय रेल मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा के 1987 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। अमिताभ ने भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। इनमें उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर और बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज-उत्तर मध्य रेलवे, अपर मंडल रेल प्रबंधक-दिल्ली, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (योजना व चल स्टाक), उत्तर रेलवे तथा निदेशक, रेलवे बोर्ड आदि महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक कार्य किया है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई

**जयपुर।** निगम हेरिटेज आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत के निर्देश पर मंगलवार को स्वास्थ्य दस्ते ने शहर के विभिन्न इलाकों में पॉलिथीन के खिलाफ कार्रवाई की। आयुक्त ने बताया कि हेरिटेज निगम के स्वास्थ्य दस्ते ने पॉलिथीन रखने वाले दुकानदारों और व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई कर 40100 कैरिंग चार्ज और 20 किलो 100 ग्राम पॉलिथीन वसूल की है। स्वास्थ्य दस्ते ने व्यापारियों को भविष्य में पॉलिथीन उत्पाद का वितरण नहीं करने के लिए पाबंद किया है।

**18वें दिन भी जारी रही आयकर विभाग की सर्वे कार्रवाई**

# अब लॉकर्स से निकलने लगे हीरे, रंगीन रत्न और जेवरात

**11** और लॉकर्स मंगलवार को खोले गए

**92** लाख की ज्वेलरी की गई जब्त

**02** किलो वजन की है ज्वेलरी

**22** से 14 कैरेट शुद्धता में है जब्त ज्वेलरी

**6.7** करोड़ की नकदी अब तक लॉकरों से जब्त

**10** किलो सोना और उसके आभूषण भी मिले

बेधड़क | जयपुर

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन को लेकर 18 दिन पूर्व 14 अक्टूबर को शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। आयकर अधिकारियों ने मंगलवार को 11 और लॉकर्स को खोला और इनमें से एक लॉकर से 2099.8 ग्राम वजन की हीरे, रंगीन रत्न आदि की जड़ाऊ ज्वेलरी को जब्त किया गया। इस ज्वेलरी के सोने की शुद्धता 22 से 14 कैरेट बताई जा रही है। आयकर विभाग के अधिकृत मूल्यांकनकर्ता ने इस ज्वैलरी की कीमत करीब 92 लाख रुपए बताई है। इस ज्वेलरी को लेकर जब लॉकर धारक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तो इसे आयकर कानून के प्रावधानों के अनुसार जब्त कर लिया गया। इसके अलावा अन्य लॉकर्स में मिली वस्तुएं निजी उपयोग की होने के कारण अधिकारियों ने इन्हें जब्त नहीं किया और विवरण रिकॉर्ड में लेकर लॉकर धारकों को छोड़ दिया। विभागीय अधिकारी अब तक यहां से 6.07 करोड़ से अधिक नकदी व 11.98 करोड़ मूल्य का 10715 ग्राम सोना व स्वर्णाभूषण भी जब्त कर चुके हैं। आयकर सर्वे की कार्रवाई यहां फिलहाल जारी है।



### देर रात तक जारी रही कार्रवाई

आयकर अधिकारियों का कहना है कि यदि समय विस्तार के बाद भी लॉकर नहीं खोले जाते हैं तो विभाग ऐसे लॉकर्स को फ्रीज कर देगा और लॉकर धारक सर्वे कार्रवाई समाप्त होने के बाद भी बिना आयकर विभाग की अनुमति के इन लॉकर्स को खोल नहीं सकेंगे। उधर, विभागीय अधिकारियों ने कुछ और संदिग्ध लॉकर धारकों को चिह्नित कर उन्हें भी लॉकर खोलने व इन्हें जांच में शामिल करने को लेकर मंगलवार को भी प्रयासरत रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गणपति प्लाजा स्थित निजी लॉकर संचालक, रोयरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स में जारी आयकर सर्वे के बावजूद यहां लॉकर मालिकों के लॉकर संचालन पर कोई रोक नहीं है। आयकर सर्वे की कार्रवाई मंगलवार देर रात 18 वें दिन भी जारी रही।

### नोटिस के बाद भी नहीं आए दो दर्जन लॉकर धारक

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग का नोटिस मिलने के बाद विभाग के सख्त रवैये को देखते हुए कथित संदिग्ध लॉकर धारक अब अपने लॉकर को खोलने के लिए अधिकारियों के समक्ष पहुंचने लगे हैं। बताया जाता है कि आगंतुक से अधिकारी पहले बयान लेते हैं और उसके बाद खुले जा रहे लॉकर की वीडियोग्राफी कराई जाती है। लॉकर खुलने के बाद उसमें मिली सामग्री का विवरण तैयार किया जाता है, जिसकी एक प्रति आयकर अधिकारी अपने पास सुरक्षित रखते हैं और एक प्रति संबंधित लॉकर धारक को उपलब्ध करा दी जाती है। यदि लॉकर में अवैधानिक रूप से रखी गई संपत्ति नहीं मिलती है तो अधिकारी ससम्मान लॉकर धारक को विदा कर देते हैं। सूत्रों का कहना है कि विभाग ने जिन 134 संदिग्ध लॉकर धारकों को नोटिस दिए हैं, उनमें से अब करीब दो दर्जन ही ऐसे लॉकर धारक हैं, जिन्होंने विभाग के स्मरण कराए जाने के बावजूद अपने लॉकर नहीं खोले और समय सीमा बढ़ाने के अनावश्यक बहाने कर रहे हैं। विभाग अब इन सभी के खिलाफ आगे विशेष कार्रवाई करने की रणनीति बनाने में जुटा है। इसी तरह गणपति प्लाजा में हो रहे सर्वे में रोज मिल रही नई सफलता से उत्साहित आयकर अधिकारी संभव है। सर्वे कार्रवाई के बाद अब तक नहीं खोले गए सभी लॉकर धारकों को जांच कराने के संबंध में नोटिस जारी करें।

**351 स्थानों पर रामज्योति वितरण केंद्र**

# अयोध्या से जयपुर पहुंची रामज्योति




बेधड़क | जयपुर

रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शहर में रामज्योति अयोध्या से लाई गई है। राम ज्योति को 20 अक्टूबर को अयोध्या के रामलला के मुख्य पुजारी सहित अन्य संतों ने धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया था। रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट के मार्गदर्शक और पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त नरेंद्र गौड़ और मुख्य संयोजक जगदीश ए. पंचारिया ने बताया कि वैशाली नगर स्थित केंद्रीय कार्यालय से अयोध्या से आई रामज्योति को अलग अलग केंद्रों पर प्रज्वलित करके भेजी गई है।

शहर के मुख्य केंद्र वैशाली नगर, दुर्गापुरा, विद्याधर नगर, ब्रह्मपुरी हनुमान मंदिर और सांगानेर में मुख्य केंद्र स्थापित किए हैं। इनके अलावा तीन सौ इक्यावन स्थानों पर रामज्योति वितरण केंद्र बनाए गए है। इन वितरण केंद्रों से दीपावली से पहले करीब सात हजार मंदिरों तक ज्योति पहुंचाने का कार्य पूर्ण करने की योजना को अंतिम रूप दिया गया।

इस अवसर पर रामज्योति यात्रा के मुख्य संरक्षक आशुतोष पंत , मुख्य संयोजक जगदीश ए. पंचारिया, संरक्षक डॉक्टर ललित शर्मा चोमू , रामज्योति यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक प्रीतेश माथुर , राष्ट्रीय समन्वयक तनया गडकरी, महासचिव नवीन श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार टिक्कीवाल, अनमोल माथुर, प्रांत प्रमुख रणजीत सिंह, महानगर सचिव आचार्य मोहित शर्मा, महानगर सचिव लोकेश शर्मा, समाज सेविका आशा शर्मा, केंद्रीय कोर कमेटी की सदस्य विजया पारीक, उपेन्द्र शर्मा, समाजसेवी नरेंद्र पुरोहित मौजूद रहे।


**जयपुर विकास प्राधिकरण की कई जगह कार्रवाई**

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-12 में बेनाड़ रोड नीलकंठ कॉलोनी में हाईटेंशन लाइन के नीचे ही व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन दो अवैध दुकानों को ध्वस्त किया है।

वहीं जोन 12 में ही सरना डूंगर में चार अवैध दुकानों को ध्वस्त और निवारू रोड शांति नगर में आम रास्ते को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त कराया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-12 में बेनाड रोड नीलकंठ कॉलोनी में हाईटेंशन लाइन के नीचे ही व्यावसायिक निर्माणाधीन दो अवैध दुकान और अन्य अवैध निर्माण किए जाने पर जोन-12 के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।



### ‘राष्ट्रीय एकता दिवस’ पर लौह पुरुष को भूले...



*जयपुर। लौह पुरुष के नाम से मशहूर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मंगलवार को देशभर में ‘राष्ट्रीय एकता दिवस’ के रूप में मनाई गई, लेकिन प्रदेश में विधानसभा चुनाव के चलते सरकार की तरफ से कोई कार्यक्रम नहीं हुआ। हाल ही में लक्ष्मी मंदिर तिराहे पर लगाई गई स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं के बीच सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पुष्पांजलि का इंतजार करती ही रह गई। कुछ लोग शाम को आए, वह भी सेल्फी लेकर चले गए, श्रद्धा के दो फूल चढ़ाना किसी को याद नहीं रहा।*

**-फोटो राजेश कुमावत**

**चिकित्सा विभाग की नर्सिंग पैरामेडिकल भर्तियों का हाल**

# उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी सीफू, आचार संहिता के कारण अटकी भर्तियां

बेधड़क | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में बरसों से सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं का यह सपना का अब देरी से पूरा होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती प्रक्रिया मंद गति से चल रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की भर्ती एजेंसी राज्य एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (सीफू) इन भर्तियों को पूरी करने के लिए धीमी गति से काम कर रही है। वजह बताई जा रही है विधानसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता। जबकि आचार संहिता में जॉइनिंग पर रोक है, भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने पर नहीं। ये सवाल भर्ती में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी उठा रहे हैं। वहीं एक बात और सामने आई है कि चिकित्सा सेवाओं का प्रशिक्षण देने वाली संस्था सीफू को पहली बार इन भर्तियों को पूरा करने का जिम्मा दिया गया था, लेकिन अलग-अलग पदों की इन भर्तियों में से एक भी भर्ती पूरी नहीं हो पाई। अब आचार संहिता लगने के कारण करीब चालीस हजार भर्तियां खटाई में पड़ गई हैं।




### पांच साल से अटकी फार्मासिस्ट की भर्ती

भर्ती में सबसे ज्यादा असर फार्मासिस्ट भर्ती पर पड़ा है। इस भर्ती की तो प्रोविजनल सूची भी जारी नहीं हो पाई। जबकि बाकी सात भर्तियों की प्रोविजनल सूची जारी हो चुकी है। इस भर्ती के अभ्यर्थियों का कहना है कि आचार संहिता लगने वाले दिन तक सीफू के सामने धरना दिया गया, लेकिन दस्तावेज जांच की प्रक्रिया का हवाला देकर प्रोविजनल सूची जारी नहीं हो पाई। इस भर्ती की प्रक्रिया पिछले 5 साल से चल रही है। कभी लिखित परीक्षा तो कभी बोनस अंकों के कारण भर्ती लटकती रही है।

### एएनएम भर्ती में गड़बड़ी पर हुआ था विरोध

सीफू की ओर से एएनएनम की प्रोविजनल सूची में भी गड़बड़ी सामने आई थी। आरोप लगा था कि सूची में कम नंबर वालों का चयन कर लिया, जबकि ज्यादा नंबर वालों को चयन सूची से बाहर कर दिया गया। बिना कारण बताए करीब 2400 अभ्यर्थियों का परिणाम होल्ड पर डाल दिया गया था। जबकि पूर्व में डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के समय सारी औपचारिकताएं करवा ली गई थी। प्रदेश भर से एएनएम अभ्यर्थी शनिवार को सीफू के सामने धरने पर बैठे थे। बताया गया कि बाहरी राज्य की डिग्री की जांच के कारण परिणाम रोका गया था। बाद में सीफू की ओर से परिवदेना मांगने पर अभ्यर्थियों ने अपनी परिवेदना फॉर्म जमा करवाए थे।

### ये थी भर्तियां

| | |
|---|---|
| नर्सिंग ऑफिसर- | 8750 |
| एएनएम- | 4847 |
| फार्मासिस्ट- | 3067 |
| लैब टेक्नीशियन - | 2190 |
| असिस्टेंट रेडियोग्राफर- | 1178 |
| ईसीजी टेक्नीशियन- | 246 |
| डेंटल टेक्नीशियन- | 151 |
| नेत्र सहायक- | 117 |

### मांगों के लिए दे रहे जिलों में ज्ञापन

फार्मासिस्ट भर्ती को पूरा करवाने के लिए इसके अभ्यर्थी अलग-अलग जिलो में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएम के नाम ज्ञापन दे रहे हैं। अभ्यर्थी प्रोविजनल सूची जारी करने की मांग कर रहे हैं।

### थोड़ा धीमा चल रहा है

“ नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्तियों पर कार्य चल रही है। लेकिन भर्ती प्रक्रिया चुनाव बाद में पूरी हो पाएगी। बाहरी राज्यों के दस्तावेज सत्यापन कार्य भी चुनाव की वजह से थोड़ा धीमा है।

- **डॉ. ओपी थाकन,** सीफू, जयपुर

### जोइनिंग पर रोक है

“ हमारी प्रोविजनल सूची जारी नहीं हो पाई। जबकि हमारी साथ की भर्तियों की सूची जारी हो गई थी। चुनाव में जोइनिंग पर रोक है, भर्ती प्रक्रिया पर थोडी, इसलिए सूची जारी करने की मांग है।

- **प्रवीण सेन,** संयुक्त फार्मासिस्ट संघर्ष समिति

## जरूरी खबर

### कुलदीप हत्याकांड में 50 हजार का ईनामी आरोपी धरा



**भरतपुर।** जिले के हलैना थाना इलाके में हुए कुलदीप हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में शामिल अभी तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को 50 हजार के इनामी बदमाश अरुण फौजी को गिरफ्तार किया है। अरुण फौजी ने ही कुलदीप की हत्या के लिए दो बदमाशों को उत्तर प्रदेश से बुलाया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

### शॉर्ट सर्किट से धमाका, फ्रिज में लगी आग

**भरतपुर।** मथुरा गेट थाना इलाके के बजरंग विहार कॉलोनी काली की बगीची के पास मंगलवार को शॉर्ट सर्किट से एक मकान में धमाके के साथ फ्रिज में आग लग गई। वहीं करीब 50 हजार अन्य विद्युत उपकरण जल गए। अचानक धमाका होने पर परिवार के सदस्य बाहर भागे। जानकारी के अनुसार बिजली के खंभे में फाल्ट हुआ था। इसके चलते एक मकान में अचानक से शॉर्ट सर्किट हुआ और फ्रिज में आग लग गई। वहीं विद्युत उपकरणों सहित कमरे में रखा सामान भी जल गया। आग से करीब 50 हजार का नुकसान हो गया। घर से धुंए का गुबार उठता देखकर मौके पर लोग जमा हो गए। सूचना के बाद बिजली कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।

### खेत में मिला युवक का लहूलुहान शव




**कोटा।** बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में 80 फीट अंडरपास के पास युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सड़क किनारे खेत में पड़े युवक की कनपटी से खून बह रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हुई। बोरखेड़ा थाना सीआई जितेंद्र ने बताया की मृतक की उम्र 45 वर्ष के करीब है। उसकी कनपटी से खून बह रहा था। उसके हाथ पर गोपाल व राज कंवर नाम गुदा हुआ है। आसपास के थानों से दो गुमशुदा व्यक्तियों के बारे में जानकारी मांगी है। पुलिस युवक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

---

फॉयसागर रोड स्थित विनायक कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा

# मतदान के बहिष्कार का ऐलान, प्रत्याशियों के प्रवेश पर रोक

■ कॉलोनीवासियों ने कहा-वर्षों से कर रहे हैं परेशानी का सामना

**बेधड़क** | अजमेर

जिले की फॉयसागर रोड स्थित विनायक विहार कॉलोनी के वाशिंदों ने एकजुट होकर विधानसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। यहां के लोग वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं।

किसी भी जनप्रतिनिधि की ओर से समस्याओं के समाधान के प्रति कारगर कदम नहीं उठाए जाने से गुस्साए लोगों ने मतदान के बहिष्कार का ऐलान करते हुए कॉलोनी के प्रवेशद्वार पर एक बैनर लगा दिया है। इस पर विधानसभा चुनावों में खड़े होने वाले किसी भी पार्टी या निर्दलीय प्रत्याशी के कालोनी में प्रवेश पर रोक लगाने की बात लिखी गई है। बैनर में लिखा है कि कोई भी प्रत्याशी प्रचार के लिए अंदर नहीं आए। इसी के साथ विनायक नगर विकास समिति को भी भंग कर दिया। वर्षों से सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जी रहे लोगों के मन में जनप्रतिनिधियों को लेकर काफी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि नेता केवल वोट मांगने आते हैं। इसके बाद कोई सुध लेने वाला नहीं है। स्थानीय समस्याओं के लिए पिछले 12 वर्षों से नेताओं के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। ऐसे में सभी कॉलोनीवासियों ने मतदान के बहिष्कार का निर्णय किया है।




### जैसे-जैसे आबादी बढ़ी तो समस्याएं हुई विकराल

विनायक नगर विकास समिति के अभय कुमार कुम्हट ने बताया कि जब 12 साल पहले कॉलोनी बसना शुरू हुई थी, उस समय यहां केवल 35 मकान ही बने थे। आस-पास में अन्य कोई बसावट भी नहीं थी। ऐसे में इन 35 मकानों के हिसाब से यहां तीन इंच की पानी की पाइप लाइन बिछाई गई थी। समित आबादी होने से पानी की समस्या नहीं थी। इसके बाद जैसे-जैसे आबादी बढ़ी गई ये समस्याएं भी विकराल होती गई। आज यहां 127 मकान बन गए हैं। इनके अलावा रावत नगर, नटराज कॉलोनी, स्वास्तिक नगर, वर्धमान कॉलोनी सहित दूसरी कॉलोनियां बस गईं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन दूभर हो गया।

### बाद में बसी कॉलोनियों में पहुंची सुविधाएं

स्थानीय लोगों का कहना है कि आस-पास में बसी नई कॉलोनियों में लगभग सभी सुविधाएं पहुंच चुकी है, लेकिन विनायक नगर पुरानी कॉलोनी होने के बावजूद सुविधाओं का अभाव है। लोगों ने आरोप लगाया कि जिन लोगों की ऊंची रसूखात है उन्होंने अपनी कॉलोनियों में विकास कार्य करवा लिए। जबकि इस कॉलोनी में आज तक सड़क, नाली, पेयजल तक की व्यवस्था नहीं की गई है। पानी को लेकर कई बार जलदाय विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन किया, लेकिन आज तक कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि हमारी सुध लेने नहीं आया। कॉलोनी में चार दिन में एक बार पानी आता है वह भी दो मटकी। यहां नई पाइप लाइन बिछाने, सड़क और नाली बनवाने की मांग सभी जनप्रतिनिधियों से की, लेकिन किसी ने समस्या समाधान का कोई प्रयास नहीं किया।

---

विधायक ने कहा-लिस्ट में मेरा नाम नहीं आया तो होगी जमानत जब्त

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री के घर MLA का धरना, टिकट बेचने का आरोप

**बेधड़क** | अलवर

विधानसभा चुनाव मैदान में ताल ठोकने के लिए राजनीतिक पार्टियों में टिकट को लेकर भारी मशक्कत चल रही है। दावेदार अपने-अपने तरीके से जोर आजमाइश कर टिकट की जुगत बिठाने में जुटे हुए हैं। इसी बीच मंगलवार को जिले में एक रोचक घटनाक्रम देखने को मिला।

इसके तहत राजगढ़-लक्ष्मण गढ़ से कांग्रेस विधायक जौहरी लाल मीणा लिस्ट में नाम आने से पहले ही समर्थकों के भारी लावलश्कर के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए।

इस दौरान उन्होंने अपनी ही पार्टी के पदाधिकारियों पर टिकट बेचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजगढ़ में कांग्रेस का टिकट बिक गया है। बेचने व खरीदने वाले कांग्रेस के पदाधिकारी हैं। वहीं उन्होंने खुद की जीत का दावा करते हुए कहा कि लिस्ट में मेरा नाम नहीं आया तो कांग्रेस के उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जाएगी। ऐसा पहले भी हो चुका है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री के आवास फूल बाग में एमएलए अपने समर्थकों के साथ रोड पर धरना देकर बैठ गए। इस दौरान समर्थकों ने कहा कि जौहरी लाला मीणा को टिकट नहीं दिया गया तो फूलबाग में ही कांग्रेस छोड़कर जाएंगे। हालांकि शाम को जारी हुई कांग्रेस की चौथी लिस्ट में राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ से मांगी लाल मीणा को टिकट दिया गया है।



### जनभावना को नहीं समझा तो मिलेगी शिकस्त

विधायक जौहरी लाल ने कहा कि 2013 में भी उनका टिकट काटा था। तब कांग्रेस प्रत्याशी के केवल 7 हजार वोट मिले थे। अब कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावना को नहीं समझा गया तो वहीं हाल हो सकता है। आगे चुनाव लड़ने का फैसला जनता करेगी।

### टिकट मिलता तो मुझे पहले ही आभास हो जाता

मजे की बात तो यह है कि विधायक जौहरी लाल मीणा लिस्ट आने से पहले ही समर्थकों के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री के आवास पर टिकट कटने का विरोध जताने पहुंच गए। धरने पर बैठे विधायक से जब लिस्ट आने से पहले ही धरने पर बैठने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनको टिकट मिलता तो आभास हो जाता। उन्होंने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह से भी उनकी बातचीत हुई तो उनकी बातों में कोई दम नहीं दिखा। उन्होंने नाम नहीं लेने लेते हुए कहा कि जिनको टिकट दिया जा रहा है उनके यहां की हलचल से मालूम पड़ता है कि मेरा टिकट दूसरे को दिया जा रहा है।

### कार्यकर्ताओं में भी दिखा उबाल

विधायक जौहरी लाल मीणा को टिकट दिए जाने का समर्थन कर रहे कार्यकर्ताओं में भी उनका टिकट काटने को लेकर उबाल नजर आया। उन्होंने कहा कि जौहरी लाल को टिकट नहीं मिला तो हम सभी इसी फूल बाग में कांग्रेस को छोड़ जाएंगे। वहीं इसका खामियाजा भी पार्टी को भुगतना पड़ेगा। पूर्व प्रधान रामवतार किराड़ ने कहा कि सब पदाधिकारी जौहरी लाल के साथ फूल बाग आए हैं। यदि उनको टिकट नहीं मिला तो हम सामूहिक इस्तीफा देकर जाएंगे। दूसरे कार्यकर्ता ने कहा कि सब जगहों पर पूर्व एमएलए को टिकट दिया है। यहां काटा गया तो सब कांग्रेस छोड़ जाएंगे।

---

आठ लोग घायल, तीन की हालत गंभीर

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष



**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। आपासी कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-भाटा जंग हुई। इस घटना में एक पक्ष के 8 लोग घायल हो गए। इनमें से 3 की हालत गंभीर बनी हुई है। मामला मनिया थाना क्षेत्र के गांव मांगरोल का है।

घटना के बाद से हमलावर गांव से फरार हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि 55 वर्षीय चरण सिंह निवासी मांगरोल ने जानकारी दी है कि वह अपने भाई को राशन दिलाने गया था। दुकान बंद होने की वजह से वह घर वापस लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में पड़ोसी देवेंद्र मिल गया, जिससे उनकी पुरानी रंजिश थी। संकरा रास्ता होने की वजह से दोनों आपस में टकरा गए और इस बात पर दोनों उलझ पड़े। दूसके पक्ष के लोगों ने चरण सिंह पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों तरफ से लाठी-भाटा जंग शुरू हो गई। इसमें पीड़ित पक्ष के चरण सिंह, ईश्वर देवी, श्रीकांत, भगवान दास, दीवान, हरिओम, राकेश घायल हो गए।

### नाजुक हालत में तीन घायल जयपुर रेफर

घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने मनिया थाना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर गांव से फरार हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। तीन घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें उच्च उपचार के लिए जयपुर हायर सेंटर रेफर किया है।

---

51 मीटर का साफा और माल्यार्पण कर किया स्वागत

# बसपा प्रत्याशी ने किया कई गांवों का दौरा

**बेधड़क** | करौली

बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी एडवोकेट रविन्द्र मीना ने मंगलवार को सिंघान-लीलोटी क्षेत्र के दस गांवों का दौरा किया। इस दौरान वे घर-घर जाकर लोगों से मिले और समर्थन जुटाया। दौरे में पंच-पटेलों ने बसपा प्रत्याशी मीना को समर्थन का ऐलान किया।

पार्टी के जिलाध्यक्ष जमुना लाल जाटव ने बताया कि करौली विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी एडवोकेट रविन्द्र मीना को गांवों में आमजन का समर्थन मिल रहा है। मंगलवार को उन्होंने सैकड़ो कार्यकर्ताओं और पंच-पटेलों के साथ बझेड़ा, लोलोटी, सिंघान सहित क्षेत्र के दस गांवों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। गांव सिंघान की अथाई पर ग्रामीणों ने रविन्द्र मीना का 51 मीटर लंबा साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर रविन्द्र मीना ने कहा कि क्षेत्र के गांवों में विकास की बहुत आवश्यकता है। कई गांवों में तो मूलभूत सुविधाओं का ही अभाव है। ऐसे में सभी को विकास की आवश्यकता को देखते हुए उच्च शिक्षित प्रत्याशी को मजबूती प्रदान करनी चाहिए।

जिलाध्यक्ष जमुना लाल ने बताया कि गांव बझेड़ा में रामकिशोर पटेल, रमेश पटेल, घासी पटेल, रामकेश पटेल, नाहर सिंह जाटव, रामचरण जाटव, पृथ्वीराज पटेल, लीलोटी में फाबूला पटेल, अमरसिंह, इन्द्र पटेल, हरी पटेल, रामकेश पटेल, आशीष कुमार, भंबल पटेल, रूपसिंह, जयसिंह पटेल, श्रीफुल पटेल, दीपक, सुखदेव पटेल, घमशु पटेल, पूर्व सरपंच भगवान सिंह, रघुवीर मास्टर, देवीलाल पटेल, जगमोहन पटेल लीलोटी, जयलाल पटेल मनोहर, भूरा पटेल, लाल पटेल, दीपसिंह, राजकुमार मीना, गांव सिंघान मीना में सुबुद्धिराम, चेतराम, जगन्नाथ, छुट्टन लाल, लोकेश मीना, छगन लाल मास्टर, विद्यालाल, रवि लाल ठेकेदार, राजेश मीना, नरेश, पिंटू, महेंद्र, जाटव, राजेश जाटव, राजेश मीना आदि ने प्रत्याशी मीणा का स्वागत किया।



---

डेह गांव में हुआ हादसा, दीवार और शटर टूटा

# बेकाबू होकर परचून की दुकान में जा घुसी स्कूली बच्चों से भरी बस

**बेधड़क** | नागौर

जिले के डेह गांव में बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही बस बेकाबू होकर एक परचून की दुकान में जा घुसी। बस में करीब 30 बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। वहीं, टक्कर के बाद बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और दुकान की दो साइड की दीवार व शटर टूट गया।

सुरपालिया थानेदार मुकेश कुमार ने बताया कि बस में सवार बच्चों को कोई चोटें नहीं आई है. बस चालक और बस को थाने पर लाया गया और बस से संबंधित कागजों की जांच की जा रही है। बस डेह चौराहे पर पहुंची तो आचानक चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस एक दुकान में जा घुसी। गनीमत रही कि दुकानदार दुकान नहीं पहुंचा था, जिससे उसकी जान बच गई।



### बच्चों में मची चीख-पुकार

बस के अनियंत्रित होने के कारण चौराहे पर हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। वहीं बस में बैठे बच्चे जोर-जोर से चीखने लगे हालांकि चालक ने किसी तरह बस को नियंत्रित कर लिया और बड़ा हादसा टल गया। वहीं, सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

---

टिकट पर पुनर्विचार नहीं किया तो लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

# पूर्व विधायक ने पार्टी को दिया छह दिन का अल्टीमेटम

■ सर्वसमाज की महापंचायत में कहा-समर्थकों की मांग के अनुरूप लेंगे फैसला

**बेधड़क** | सांचोर

सांचोर से भाजपा के पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी ने इस सीट पर टिकट को लेकर पार्टी को पुनर्विचार करने के लिए छह दिन यानी 6 नवंबर तक का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि अगर 6 तारीख तक पार्टी टिकट को लेकर पुनर्विचार करती है तो ठीक अन्यथा कार्यकर्ता, समर्थकों व जनता की मांग के अनुरूप फैसला लेंगे। दरअसल मंगलवार को जीवाराम चौधरी व पूर्व प्रत्याशी रहे दानाराम चौधरी की ओर से साधु-संतों के सानिध्य में सर्व समाज की महापंचायत आयोजित की गई थी। इस में बड़ी संख्या में लोगों की ओर से पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी से निर्दलीय चुनाव लड़ने की मांग की गई, लेकिन चौधरी पार्टी को पुनर्विचार का अवसर दिया है।



### मुझे हराने में कोई कसर नहीं छोड़ी

पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी ने सांसद पटेल पर आरोप लगाया कि 2013 के चुनावों में मुझे हराने की पूरी कोशिश की। पटेल कह रहे हैं कि सांचौर के मुख्य चार रास्ते पर जीवाराम और दानाराम के पैर पकड़ लेता हूं तो मैं देवजी पटेल से निवेदन करना चाहता हू कि हजारों लोगों के सामने आपका एक पैर मैं और एक पैर दानाराम पकड़ लेंगे। आप पार्टी को कह दो कि 36 कौम की जनता की भावना के अनुरूप टिकट पर पुनर्विचार करें।

### पांच साल मेहनत की, अब टिकट के समय मेरे साथ किया धोखा

भाजपा नेता दानाराम चौधरी ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद देवजी पटेल ने मुझे कहा था कि दोनों की लड़ाई में तीसरा फायदा उठाएगा। सांसद देवजी पटेल सच बोल रहे थे, लेकिन मुझे अब समझ में आया है। उन्होंने कहा कि पांच साल ईमानदारी से मेहनत की थी। जब टिकट की बारी आई तो मेरे साथ धोखा हुआ है, लेकिन अब देवजी पटेल कह रहे हैं कि मैंने किसी के साथ धोखा नहीं किया। उन्होंने कहा कि 2018 के चुनावों के बाद देवजी पटेल का रवैया पूरी तरह से बदल गया। मुझे पहले से ही यह पता चल गया, लेकिन मैंने किसी को भी यह नहीं बताया। क्योकि मेरे साथ 36 कोम के लोगों का साथ था तो उन्हें नहीं लगना चाहिए कि उनका भाई टूट चुका है। इसलिए मैंने सारी बातें किसी को नहीं बताई, लेकिन अब मैंने पूरा सच आपको बताया है।

---

# झगड़े की सूचना के बाद पहुंची पुलिस पर पथराव

**बेधड़क** | सीकर

जिले की सदर थाना पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम पर पथराव करने पर इनको गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने धरपकड़ के दौरान भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया। सदर थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि जीणमाता थाना क्षेत्र का अपराधी सुनील उर्फ पण्डिया रसीदपुरा स्थित नाथजी की बगीची में जन्मदिन मना रहा है। वहां पण्डिया के दोस्तों के बीच झगड़ा हो गया।

इसके बाद गोकलपुरा, लक्ष्मणगढ़, दादिया व डीएसटी टीम मौके पर पहुंची। यहां पण्डिया के साथी अपस में झगड़ा व शोर-शराबा कर रहे थे। आरोपियों ने पुलिस की टीम को देखते ही उन पर पथराव करना शुरू कर दिया।

इसके बाद कई आरोपी बगीची की छत पर चढ़कर भाग गए, जबकि 22 आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ पण्डिया, पंकज, नरेश, विकास, विकास सैनी, निलेश कुमार, राकेश, सोहेल, विकास गढ़वाल, अरुण, अंकित, अखिल, सचिन, प्रशांत, सुमित, अशोक, जुगल किशोर, प्रमोद कुमार, सुभाष कुमार, प्रदीप, दिनेश व राजकुमार के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी जोधपुर, सीकर व झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी हुई है।



**चुनावी पोळ**

उल्टी गिणती लिस्ट की कद
चालू कद बंद।
धक् धक् धड़के काळजो,
करद् यो नाम पाबंद।।

■ गजानन

**विधानसभा चुनाव** | **सोशल मीडिया पर चल रही पॉलीटिकल वॉर, क्रिएटिव कंटेंट की भरमार**

# बताओ राठौड़ ने चूरू क्यों छोड़ा
# आप सुनो नाथी बाई क्या कहती है

नरेन्द्र शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** सोशल मीडिया हैंडल X पर स्क्रॉल करते समय अगर आपको ऐसी इमेज दिखाई दे जिसमें कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर बैठे अमिताभ बच्चन सवाल पूछ रहे हों- "बताइये, राजेन्द्र राठौड़ का चूरू से तारानगर भागने का क्या कारण है।" तो चौंकिएगा नहीं, अमिताभ ने यह प्रश्न अपने शो में नहीं पूछा, बल्कि यह राजस्थान प्रदेश कांग्रेस का चुनावी कैंपेन है जो सोशल मीडिया पर चलाया जा रहा है। इन दिनों सोशल मीडिया पर ऐसे ही कंटेंट की भरमार है। भाजपा-कांग्रेस के साथ ही अन्य पार्टियां और निर्दलीय के रूप में ताल ठोकने को तैयार प्रत्याशी भी पूरी ताकत के साथ चुनाव के मैदान में हैं। इस चुनाव में दोनों ही बड़ी पार्टियों का फोकस जमीनी प्रचार-प्रसार के साथ ही सोशल मीडिया पर भी दिखाई दे रहा है। पार्टियों ने सोशल मीडिया पर अपने प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। प्रदेश कांग्रेस अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने का काम कर रही है वहीं प्रदेश भाजपा गहलोत सरकार को कटघरे में खड़ा कर रही है। खास बात है कि इस बार दोनों ही पार्टियां रचनात्मक ढंग से एक दूसरे को घेर रही हैं। कंटेंट क्रिएशन टीम की मदद से बेहद क्रिएटिव कैंपेन चलाकर पार्टी को मजबूत किया जा रहा है।

## ये हैं सोशल मीडिया पर चल रहे क्रिएटिव पॉलीटिकल कंटेंट के नमूने




*कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर कांग्रेस का कैंपेन इन दिनों चर्चा में है।*



*BJP एआई जेनरेटेड नाथी बाई के माध्यम से सरकारी कमियां गिना रही है।*



*कांग्रेस नेताओं पर ईडी के छापों के मामले में कांग्रेस ने कुछ इस तरह बीजेपी को घेरा।*

### इस बार एआई पावर्ड कंटेंट

इस चुनाव में सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करने में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) की भी भरपूर मदद ली जा रही है। एआई एक्सपर्ट्स को भी कंटेंट क्रिएशन टीम में शामिल किया गया है। एआई की मदद कंटेंट क्रिएशन के साथ ही विरोधी के कंटेंट के एनालिसिस, पोस्ट शेड्यूलिंग आदि में भी लिया जा रहा है।

*भाजपा ने एनीमेशन सीरीज के माध्यम से राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।*




### X फॉलोअर्स में वसुंधरा टॉप पर

- वसुंधरा राजे- 50 लाख
- अशोक गहलोत- 48 लाख
- सचिन पायलट- 46 लाख
- गोविंदसिंह डोटासरा- 14 लाख
- हनुमान बेनीवाल- 10 लाख
- भाजपा राजस्थान- 9 लाख 3 हजार
- किरोड़ीलाल मीणा- 6 लाख 36 हजार
- गजेन्द्रसिंह शेखावत- 5 लाख 63 हजार
- राजेन्द्र राठौड़- 4 लाख 58 हजार
- कांग्रेस राजस्थान- 3 लाख 62 हजार
- सीपी जोशी (भाजपा)- 94 हजार

### लगी है कंटेंट क्रिएटर्स की फौज

दोनों ही पार्टियों की ओर से सोशल मीडिया कैंपेन हैंडल करने के लिए कंटेंट क्रिएटर्स की टीम लगाई गई है। मीडिया प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, प्रवक्ताओं के साथ ही अन्य नेताओं के निर्देशन में यह टीम रणनीतिक रूप से सोशल मीडिया पर कंटेंट पोस्ट कर माहौल बनाने का काम करती है। टीम में शामिल कंटेंट राइटर्स, एडिटर्स, वीडियो एडिटर्स, ग्राफिक आर्टिस्ट्स आदि अपने-अपने कंटेंट तैयार करते हैं और फिर इनको स्ट्रेटिजिकली रिलीज किया जाता है। साथ ही किसी विशेष समय पर जैसे राजस्थान में ईडी छापे, केंद्र के चुनावी चंदे से जुड़ा हलफनामा देने, किसी के दल बदलने, किसी नेता के सीट बदलने सहित अन्य मौकों के लिए ये टीमें हर समय तैयार रहती हैं और ऐसी इवेंट के चंद समय में ही सोशल मीडिया पर कंटेंट की भरमार हो जाती है।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## इंतेहा हो गई इंतजार की

इंतजार की कथाओं से साहित्य भरा पड़ा है। अगले जनम ही नहीं, सात जन्मों तक इंतजार के किस्से। जो मजा इंतजार में वो विसाले यार में कहां! सिनेमा में भी 'अबहुं ना आए सांवरिया' से लेकर 'इंतेहा हो गई इंतजार की' और 'तारे गिन-गिन रात बिताऊं' जैसे असंख्य गीतों में इंतजार की पीड़ा छलकती है। लेकिन राजनीति की बात अलग है। कहने को राजनीति में धैर्य ही सफलता की कुंजी है। कई नेता या दल जिन्होंने बरसों-बरस इंतजार किया और मौका मिला तो तस्वीर का रुख बदल दिया। पर इस बार धैर्य का पैमाना छलक रहा है। देवरे ढोक लिए, दण्डवत परिक्रमा लगा ली। भगवान भी कैसी परीक्षा ले रहा है। दिल्ली में आलाकमान या कोर कमेटी देर रात तक बैठती है। लिस्टें उलट-पलट करती रहती है। नाम वही, देना इन्हीं में से है पर फैसला नहीं हो रहा। इधर भाई लोग बेताबी से मोबाइल के बटन दबा-दबा कर परेशान हो रहे हैं। पता नहीं कब टपक पड़े लिस्ट। इंतजार करने की भी सीमा होती है। जिनसे सहन नहीं हो रहा वे इस दल से उस दल में जा रहे हैं। कुछ पहले चले गए, कुछ अब जा रहे हैं। सिलसिला जारी है। चुनाव तो लड़ना ही है। पार्टी का फैसला पक्ष में नहीं हुआ तो दूसरी पार्टी में चले जाएंगे। जो टिकट दे उसी के हो जाएंगे। ये तो हुई उनकी बात जो चुनाव लड़ना चाहते हैं। पर पार्टियां और उनके आलाकमान क्या करें? कितना मंथन करें। इतना मंथन तो शायद देवताओं और असुरों ने भी नहीं किया होगा। जिसे टिकट देना चाहते हैं वो सर्वे में या जाति के आधार पर फिट नहीं है। किसी पर एंटी इन्कंबेंसी का ग्रहण लगा है। जिताऊ चेहरा चाहिए। कई ऐसे हैं जिन्हें आलाकमान देना चाहता है पर प्रदेश के मुखिया सहमत नहीं है। पाला बदलने वालों को देते हैं तो फिर बगावत का डर। पहले जारी की गई लिस्टों से उठा तूफान ही शांत नहीं हो रहा तो नया झमेला कौन मोल ले? आलाकमान की आजकल में नामांकन की तारीख नजदीक आती जा रही है। एक और आई है, देखते हैं, कब आती हैं बाकी लिस्ट।

■ यायावर

**ई वॉर**

**Rajasthan PCC** @INCRajasthan · 6h
देश में विपक्ष के नेताओं को एप्पल का नोटिस आया है, जिसमें लिखा है कि- "सरकार द्वारा आपके फोन को हैक करने की कोशिश की जा रही है।"

ये मैसेज मेरे ऑफिस के लोगों के साथ ही विपक्ष के कई नेताओं को आया है। हमारे पास इसकी पूरी लिस्ट है।

**BJP Rajasthan** @BJP4Rajasthan Follow
तुष्टीकरण, अपराधीकरण और महिला अत्याचार के अलावा पिछले पांच सालों में गहलोत सरकार के साथ लाल डायरी नाम का नया काला अध्याय जुड़ गया है।

सदन के पटल पर मुख्यमंत्री के करीबी द्वारा उठाया गया लाल डायरी का मामला, कांग्रेस सरकार के महाभ्रष्टाचार को प्रमाणित करता है, जो कांग्रेस के चरित्र को उजागर करता है।

**थड़ी पॉलीटिक्स**

# कोउ नृप होइ, हमहिं का हानि...

**स्थान** ज्यूस सेंटर | **समय** दोपहर 1:15 बजे

**विश्वकर्मा, जयपुर**

चुनाव का माहौल गरम है। गलियों में, सड़कों पर समर्थकों के रेलों के साथ नेताजी वोट के लिए चक्कर काटते दिखाई देने लगे हैं। कुछ समय के लिए ही सही आम आदमी के आम कामों में हाथ बंटाते नेताजी की तस्वीरें भी अखबारों से लेकर सोशल मीडिया तक पर नजर आने लगी हैं। कहने को चुनाव में 25 दिन हैं पर नेताओं से लेकर समर्थकों तक के लिए एक-एक दिन भारी है। इस चुनावी गहमागहमी के बीच अपने वोट से नेताओं की किस्मत लिखने वाले आम लोगों में भी अलग ही माहौल चल रहा है। ये माहौल है कयासों का। जिन इलाकों में टिकट पक्के हो चुके वहां हार-जीत के कयास लग रहे हैं, जहां के टिकट बाकी हैं वहां चेहरों को लेकर कयासों का दौर है। बेतकल्लुफी के हल्के-फुल्के माहौल में सत्ता का रुख तय करती चर्चाओं का जायजा लेने हम पहुंचे विद्याधरनगर इलाके के विश्वकर्मा क्षेत्र में। जूस की दुकान पर लोगों का मजमा देखा तो उधर का रुख किया। यहां से अभी भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी की प्रचार यात्रा गुजरी थी तो माहौल पूरी तरह चुनावी था। मजमे में से एक आवाज आई-"भाई अगर एक-दो दिन में सामने कोई नहीं आया तो खेल खत्म हो जाएगा इनका। पता नहीं कौनसा गुणा-भाग कर रहे हैं। क्या चुनाव होने के बाद देंगे किसी को टिकट।" अभी तक बिना किसी विरोधी के लड़े जा रहे चुनाव पर निशाना था। सामने से बचाव की आवाज आई- "कोई दमदार आदमी ढूंढ रहे हैं यार, ऐसे ही किसी को थोड़ी उतार देंगे। और तुम इतने ही कॉन्फिडेंट हो तो तुमने पुराने वाले को क्यों भगा दिया यहां से। उनको ही लड़वा लेते। इसलिए दिमाग मत लगाओ ज्यादा और जो हो रहा है देखते जाओ।" बचाव सही किया गया था, लेकिन फिर सामने से वार हुआ-"अरे छोड़ो, ये बोलो ना कोई लड़ने के लिए मिल ही नहीं रहा।" सामने से फिर बचाव आया पर बातचीत खत्म करने की मंशा के साथ-"अरे यार, कोई राजी हो या ना हो हमें क्या मतलब है। हमें तो एक दिन वोट डालना है, जो बढ़िया लगेगा उसको डाल देंगे। और वैसे भी पिछले पांच साल में एमएलए के कारण अपना ना तो कोई काम हुआ ना कोई काम रुका। सुना नहीं क्या- कोई नृप होई हमहिं का हानि...।" जैसे ही ये 'परमज्ञान' बाहर आया ठहाके शुरू हो गए और बातचीत का रुख भी दूसरी ओर घूम गया।

**पॉली क्लिक्स**




*चुनावी माहौल का असली मजा लेना है तो ग्रामीण इलाकों में जाइये। जिन इलाकों में स्थानीय नेताओं का लोकल कनेक्ट है वहां प्रचार के दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बनता है। आमेर से भाजपा प्रत्याशी सतीश पूनियां मंगलवार को जब अपने इलाके में प्रचार के लिए निकले तो महिलाओं ने ग्रामीण गीतों पर नाच-गाकर समां बांध दिया।*

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**

# एक ऐसा नेता जो सांसद रहते हुए हार गया था नगर परिषद में वार्ड पार्षद का चुनाव



■ *गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार*
*gulabbatra@gmail.com*

चुनाव दर चुनाव लड़ने में माहिर एक राजनेता जो लोकसभा तक में अपनी आवाज बुलंद करने में सफल रहा वह नगर परिषद के चुनाव में सांसद रहते हुए भी अपने शहर के वार्ड से पराजित हो गया। यह शख्स था मूलचंद डागा और उनके शहर का नाम है- पाली। वैसे भी जनचर्चा में पाली की पंचायती विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा करती है- तो आज डागा और पाली के प्रसंग से रू-ब-रू होते हैं।



जालोर में वर्ष 1918 में जन्मे मूलचंद डागा की कर्मस्थली पाली रही। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से बी ए एलएलबी की डिग्री हासिल करने वाले डागा वकालत के साथ सार्वजनिक जीवन में भी सक्रिय हुए। सार्वजनिक जीवन में डागा 1959 में म्यूनिसिपल बोर्ड पाली के चैयरमैन बने। फिर 1961-66 तथा नवम्बर 1970 में भी इसी पद पर रहे। चैयरमैन पद संभालने से पहले 1957 में डागा पाली से विधायक निर्वाचित हुए। वह 1967 तथा 1977 में भी विधायक चुने गए। तब तक विधायक रहते हुए म्यूनिसिपल बोर्ड चेयरमैन पद धारण करने के खिलाफ कोई कानून नहीं बना था। नवम्बर-98 में यह कानून बना।

पाली से तीन बार विधानसभा का सदस्य निर्वाचित होने के पश्चात मूलचंद डागा ने लोकसभा चुनाव की ओर रुख किया। भारत पाक युद्ध एवं बांगलादेश उदय के पश्चात 1971 में हुए चुनाव में डागा पहली बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। वह 1980 तथा 1984 में पुनः पाली से चुने गए। डागा के लोकसभा में तीसरी बार पाली का प्रतिनिधित्व करते समय फरवरी 1987 में नगर परिषद के चुनाव हुए। निराले अन्दाज के इस नेता के मन में जाने क्या आया कि उन्होंने परिषद के चुनाव में अपने वार्ड से पार्षद बनने के लिए नामांकन पत्र भर दिया। इस वार्ड को कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। इसलिए डागा निश्चिंत थे कि वे यह चुनाव आसानी से जीत जाएंगे और मौका लगा तो एक बार फिर नगर परिषद के सभापति पद पर आसीन हो जाएंगे। नगर परिषद के पिछले कार्यकाल में डागा ने पाली में विकास के अनेक कार्य कराए थे। टाउनहाल गार्डन सहित अन्य प्रोजेक्ट डागा की देन हैं।

पाली निवासियों के लिए यह चुनाव चर्चित हो गया। आमजन आश्चर्यचकित थे कि एक सांसद के पार्षद का चुनाव लड़ने का औचित्य क्या है। पर डागा चुनाव मैदान में डटे रहे। उनके सामने एडवोकेट सोहन लाल मेहता को चुनाव लड़वाया गया। पर हाय री किस्मत- पार्षद के इस चुनाव में मूलचंद डागा पराजित हो गए। कुछ माह बाद दिल्ली में उनका निधन हो गया। डागा के डॉक्टर पुत्र राजनीति से दूर ही रहे। परंतु डागा आज भी याद किए जाते हैं।

### अधिकारी मीटिंग में ईटिंग करते हुए चीटिंग की प्लानिंग करते हैं

बिना किसी लाग-लपेट के अपनी बात कहने में निपुण डागा ने लगभग प्रत्येक मंच का उपयोग किया। राजस्थान विधानसभा में एक बार उन्होंने नौकरशाही को आड़े हाथों लेते हुए कहा-ये अधिकारी मीटिंग दर मीटिंग करते हैं- मीटिंग में ईटिंग करते हुए किसी प्रोजेक्ट की आड़ में चीटिंग की प्लानिंग करते हैं। बस इसी कथन पर हमने मीटिंग-ईटिंग-चीटिंग हैडिंग से खबर बना दी। सदन में डागा ने जब इच्छा मृत्यु का मामला उठाया तो कई सदस्यों ने इसे हास परिहास का विषय बनाने का प्रयास किया। तब डागा ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि भविष्य में लोग इस मुद्दे के प्रति गंभीर होंगे।

# हमास-इजराइल युद्ध के बीच संकट में मानवता



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

हमास के विरुद्ध इजराइल के युद्ध का दायरा बढ़ने के साथ अस्पतालों पर हमलों ने तय कर दिया है कि मानवता संकट में है, क्योंकि अब अस्पताल भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। डेढ़ साल से जारी रूस और यूक्रेन की लड़ाई में भी बड़े पैमाने पर स्वाथ्य संस्थानों पर हमले हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने 21 साल पहले मानवता के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाए जाने के नजरिए से युद्ध अपराधियों पर मामले चलाने के लिए 1 जुलाई 2002 को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना की थी। इसका मुख्यालय नीदरलैंड के हेग में है। इसे युद्ध के अपराध में लिप्त आरोपी व्यक्तियों की जांच के बाद दोषी पाए जाने पर मुकदमा चलाने का अधिकार है। नरसंहार और मानवता के विरुद्ध किए अपराध को भी यह अदालत संज्ञान में ले सकती है, लेकिन देखने में आया है कि इसके अस्तित्व में आने के बाद बीते दो दशकों में दो देशों के बीच हुए युद्धों के अलावा आतंकी हमलों के अपराधी और आंतकवादियों को घोषित रूप से संरक्षण, शरण, प्रशिक्षण, धन व हथियार देने वाले देशों के खिलाफ यह अदालत कोई ठोस पहल करने में नाकाम ही रही है। जबकि इस दौरान भारत ने तो पाकिस्तान प्रायोजित आंतकी हमले झेले ही, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और म्यांमार को भी हमलों से दो-चार होना पड़ा है। साफ है, मानवता को शर्मसार करने वाली इन घटनाओं में अप्रत्यक्ष रूप से देशों की ही भूमिका निहित रहती है। इसीलिए दूसरे विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र के पहले जिनेवा सम्मेलन की धारा 18 में कहा गया है कि किसी भी स्थिति में अस्पतालों, चिकित्सकों, नागरिकों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं पर हमले नहीं किए जाएं, लेकिन डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर संगठन के सहायक समन्वयक मिशियल हॉफमैन का कहना है कि इन बीस सालों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सुविधाओं की सुरक्षा गारंटी के सिद्धांत को नजरअंदाज किया जा रहा है। यही कारण है कि युद्ध में घायलों का इलाज नहीं हो पा रहा है और युद्ध शरणार्थियों की संख्या दुनिया में बढ़ रही है। गाजा क्षेत्र से ही युद्ध के चलते 11 लाख लोगों को हाल ही में विस्थापन का दंश झेलना पड़ा है। अनेक देश इन शरणार्थियों को आश्रय देने की वजह से संकटों से घिरते जा रहे हैं। गाजा पट्टी पर इजराइली हमले और उत्तरी इलाके को खाली करने के हुक्म के बाद गाजा में हाहाकार मचा हुआ है। हर तरफ तबाही का मंजर है। यही स्थिति फिलिस्तीन की है। मिश्र ने शरुआत में विस्थापितों को राफा सीमा पर रास्ता देने से मना कर दिया था। बाद में दवाब पड़ने पर मार्ग खोला, जबकि मिस्त्र मुस्लिम देश है। इसी बीच जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला ने ऐलान किया है कि वे फिलिस्तीनी शरणार्थियों को आश्रय नहीं देंगे। उन्होंने यह ऐलान बर्लिन में जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ एक बैठक में कही। यहां विचारणीय प्रश्न है कि जब मुस्लिम देश ही इन्हें शरण देने से बच रहे हैं। मध्य-पूर्व के देश भी महज बयानबाजी करके फिलिस्तीनियों का हित साधना चाहते हैं। हमास जैसे क्रूर आंतकी संगठन के कथित हिमायती देश ईरान, कतर और तुर्की ने भी शरणार्थियों को शरण देने का कोई आमंत्रण नहीं दिया है। ये देश दवा और खाद्यान्न भी उपलब्ध कराने में मदद नहीं कर रहे हैं, जबकि भारत ने राहत साम्रगी की बड़ी खेप फिलस्तीन पहुंचा भी दी है।

> “गाजा क्षेत्र से ही युद्ध के चलते 11 लाख लोगों को हाल ही में विस्थापन का दंश झेलना पड़ा है। अनेक देश इन शरणार्थियों को आश्रय देने की वजह से संकटों से घिरते जा रहे हैं। गाजा पट्टी पर इजराइली हमले और उत्तरी इलाके को खाली करने के हुक्म के बाद गाजा में हाहाकार मचा हुआ है। हर तरफ तबाही का मंजर है। यही स्थिति फिलिस्तीन की है। मिश्र ने शरुआत में विस्थापितों को राफा सीमा पर रास्ता देने से मना कर दिया था।”

यूरोप पहले ही शरणार्थी संकट से जूझ रहा है। बावजूद यूरोपीय देशों में शरणार्थियों के समूह दाखिल हो रहे हैं। इटली ने तो शरणार्थियों को अपनी सीमा पर ही रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी है। जबकि इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी प्रवासियों की भीड़ से निपटने का वादा कर सत्ता में आई थीं, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाई हैं। फ्रांस ने आतंकवाद पर लगाम के लिए कठोर कदम उठाए हैं। शरण के नाम पर फ्रांस में रह रहे 20 हजार से ज्यादा मुस्लिम कट्टरपंथियों को देश निकाला देने की तैयारी शुरू कर दी है। फ्रांस ने यह पहल एक शिक्षक की हत्या के बाद की है। आरोपी युवक मुस्लिम कट्टरवाद से प्रेरित था। संयुक्त राष्ट्र में शरणार्थियों के मामलों से जुड़े 'यूनाइटेड नेशन्स हाई कमिश्नर और रिफ्यूजी' (यूएनएचसीआर) की ग्लोबल ट्रेंड्स रिपोर्ट्स को जिनेवा में जारी करते हुए संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के प्रमुख फिलिपो ग्रैंडी ने कहा कि युद्ध, उत्पीड़न और मानवाधिकारों के उल्लंघन के कारण करीब 11 करोड़ लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। यह हमारी वैष्विक स्थिति पर कलंक है। 2022 में करीब 1.9 करोड़ लोग विस्थापित हुए, जिनमें से 1.1 करोड़ से अधिक लोगों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रामण के चलते अपना घर छोड़ा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग जंग के कारण विस्थापित हुए हैं। यह आपात स्थिति का संकेत है। कुछ समय के भीतर ही 35 प्रकार की आपात स्थितियां सामने आई हैं, जो बीते कुछ सालों की तुलना में तीन से चार गुना अधिक हैं। कुल मिलाकर हमास-इजराइल युद्ध के बीच मानवता संकट में है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है यह खास दिन

# पति की दीर्घायु का व्रत करवा चौथ





अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> “करवों में घी से बनी लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करना चाहिए। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करना चाहिए। करवा चौथ व्रत की कथा पठन- श्रवण करनी चाहिए। सायंकाल चन्द्रोदय हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्घ्य प्रदान कर ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराना चाहिए।”

पौराणिक मान्यतानुसार कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी के दिन पति की दीर्घायु, स्वस्थता एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के उद्देश्य से सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा सूर्योदय के पूर्व ब्रह्मबेला से आरंभ कर रात में चंद्रमा दर्शन के उपरांत संपूर्ण होने वाला व्रत करवा चौथ व्रत रखे जाने की परिपाटी है। करवा चौथ को संस्कृत में इसे करक चतुर्थी कहा जाता है। इसे सौभाग्यप्रदायक व्रत कहा गया है। इस दिन दशरथ चतुर्थी नामक व्रत भी मनाया जाता है।

इस वर्ष 2023 में एक नवम्बर दिन बुधवार को कार्तिक कृष्णपक्ष की चतुर्थी तिथि है, इसलिए इस दिन करवा चौथ का व्रत मनाया जाएगा। यह प्रमुख त्योहार भारत के जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तरप्रदेश, बिहार, हरियाणा, मध्यप्रदेश और राजस्थान में मनाया जाने वाला पर्व है। इसमें भी संकष्टी गणेश चतुर्थी की भांति दिन भर उपवास रखकर रात में चंद्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं और व्रत को विधि-विधान से सम्पन्न कर अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं। इस व्रत को बारह अथवा सोलह वर्षों तक निरंतर करने के बाद व्रत का उद्यापन अर्थात उपसंहार करने का विधान है। अनेक सुहागिन स्त्रियां आजीवन इस व्रत को करती हैं।

पौराणिक मान्यतानुसार चंद्रमा दिखाई देने वाली कार्तिक कृष्ण पक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी तिथि को ब्रह्मबेला में स्नानादि नित्य क्रिया से निवृत्त होकर अपने सुहाग की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रह बालू अथवा सफेद मिट्टी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चन्द्रमा की वेदी बनाकर इन सभी देवों को स्थापित करना चाहिए। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाड़ा बांधकर देवता की भावना करके स्थापित करना चाहिए। तत्पश्चात देवी पार्वती का पूजन - ॐ शिवायै नमः से, शिव का ॐ नमः शिवाय से, स्वामी कार्तिकेय का ॐ षण्मुखाय नमः से, गणेश का ॐ गणेशाय नमः से तथा चंद्रमा का पूजन ॐ सोमाय नमः से करना चाहिए। अपनी सामर्थ्य के अनुसार तांबे अथवा काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से निर्मित मिट्टी के दस अथवा ग्यारह करवे पूजन हेतु रखना चाहिए। करवों में घी से बनी लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करना चाहिए। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करना चाहिए।

करवा चौथ व्रत की कथा पठन- श्रवण करनी चाहिए। सायंकाल चन्द्रोदय हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्घ्य प्रदान कर ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराना चाहिए। पति की माता नहीं होने पर उनके तुल्य किसी स्त्री को उपरोक्त रूप से अर्पित एक लोटा, वस्त्र व विशेष करवा भेंटकर आशीर्वाद लेना चाहिए। तत्पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करना चाहिए।

करवा चौथ के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, लेकिन सभी कथा चंद्रमा के दिखाई देने से संबंधित है। एक कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक साहूकार के सात पुत्र और करवा नामक एक पुत्री थी। सभी भाईयों को अपनी अकेली बहन से बहुत प्यार था और पहले उसे खाना खिलाकर ही बाद में वे स्वयं खाते थे। एक बार उनकी बहन ससुराल से मायके आई हुई थी। शाम को भाई जब अपना व्यापार-व्यवसाय बंद कर घर आए तो उन्होंने देखा कि उनकी बहन बहुत व्याकुल थी। सभी भाई खाना खाने बैठे और अपनी बहन से भी खाने का आग्रह करने लगे, लेकिन बहन ने बताया कि उसका आज करवा चौथ का निर्जल व्रत होने के कारण वह भोजन चंद्रमा को देखकर उसे अर्घ्य देकर ही ग्रहण कर सकती है, लेकिन चंद्रमा अभी तक नहीं निकलने से वह भूख-प्यास से व्याकुल हो उठी है। सबसे छोटे भाई को अपनी बहन की हालत देखी नहीं जा रही थी। इसलिए दूर उसने एक पीपल के पेड़ पर एक दीपक जलाकर चलनी की ओट में रख दी। दूर से देखने पर वह ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे चतुर्थी का चांद उदित हो रहा हो। इसके बाद भाई अपनी बहन को बताता है कि चांद निकल आया है, तुम उसे अर्घ्य देकर भोजन कर सकती हो। बहन खुशी के मारे सीढ़ियों पर चढ़कर चांद को देखती है, उसे अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण करने बैठ जाती है। उसके प्रथम निवाला मुंह में डालते ही उसे छींक आ जाती है। दूसरा निवाला डालने पर उसमें से बाल निकल आती है। तीसरा निवाला डालने की कोशिश करते ही उसके पति की मृत्यु का समाचार उसे मिलता है। वह बौखला जाती है। उसकी भाभी उसे सत्य से अवगत कराते हुए बताती है कि करवा चौथ का व्रत गलत ढंग से टूटने के कारण देवता उससे कुपित हैं और उन्होंने ऐसा किया है। सच्चाई जानकर करवा निश्चय करती है कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं होने देगी और अपने सतीत्व से उन्हें पुनर्जीवन दिलाकर रहेगी। वह पूरे एक वर्ष तक अपने पति के शव के पास बैठकर उसकी देखभाल करती रहती है। उसके ऊपर उगने वाली सुईनुमा घास को वह एकत्रित करती जाती है। एक वर्ष बाद फिर से करवा चौथ का दिन आने पर उसकी सभी भाभियां करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब भाभियां उससे आशीर्वाद लेने आती हैं, तो वह प्रत्येक भाभी से यम सुई ले लो, पिय सुई दे दो, मुझे भी अपनी जैसी सुहागिन बना दो ऐसा आग्रह करती है, लेकिन हर बार भाभी उसे अगली भाभी से आग्रह करने के लिए सलाह देकर चली जाती है। इस प्रकार छठे नंबर की भाभी के आने पर करवा उससे भी यही बात दोहराती है, परंतु यह भाभी उसे बताती है कि सबसे छोटे भाई के कारण व्रत टूटी है। इससे उसकी पत्नी में ही वह शक्ति निहित है, जिससे तुम्हारे पति को पुनर्जीवन का दान प्राप्त हो सकता है। वह ही ऐसा कर सकती है। इसलिए उसके आने पर तुम उसे पकड़ लेना। जब तक वह तुम्हारे पति को जिंदा न कर दे, उसे नहीं छोड़ना। ऐसा कहकर वह चली गई। सबसे अंत में छोटी भाभी आती है। करवा उनसे भी सुहागिन बनने का आग्रह करती है, लेकिन वह टालमटोली करने लगती है। इसे देख करवा उन्हें जोर से पकड़ अपने सुहाग को जिंदा करने के लिए कहती है। भाभी उससे छुड़ाने के लिए नोचती है, खसोटती है, लेकिन करवा नहीं छोड़ती है। अंत में उसकी तपस्या को देख भाभी पसीज जाती है और अपनी छोटी अंगुली को चीरकर उसमें से अमृत उसके पति के मुंह में डाल देती है। करवा का पति तुरंत श्रीगणेश-श्रीगणेश कहता हुआ उठ बैठता है। इस प्रकार उसकी छोटी भाभी के माध्यम से करवा को अपना सुहाग वापस मिल जाता है।

द्वितीय कथा के अनुसार शाकप्रस्थपुर वेदधर्मा ब्राह्मण की विवाहिता पुत्री वीरवती ने करवा चौथ का व्रत किया था। नियमानुसार उसे चंद्रोदय के बाद भोजन करना था, परंतु उससे भूख नहीं सही गई और वह व्याकुल हो उठी। उसके भाईयों से अपनी बहन की व्याकुलता देखी नहीं गई और उन्होंने पीपल की आड़ में आतिशबाजी का सुंदर प्रकाश फैलाकर चंद्रोदय दिखा दिया और वीरवती को भोजन करा दिया। परिणाम यह हुआ कि उसका पति तत्काल अदृश्य हो गया। अधीर वीरवती ने बारह महीने तक प्रत्येक चतुर्थी को व्रत रखा और करवा चौथ के दिन उसकी तपस्या से उसका पति पुनः प्राप्त हो गया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# ईमान की बात



गोविंद सेन
व्यंग्यकार

अब बिगाड़ के डर से ईमान की बात कोई नहीं करता। ईमान ने ईमान छोड़ दिया है, वह भी बेईमान हो गया है। वह झूठ बोलने लगा है। जुम्मन ने अज्ञात सूत्रों से ज्ञात कर लिया था कि पंचायत में सरपंच अलगू को बनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अज्ञात सूत्र ज्ञात सूत्रों से अधिक विश्वसनीय होते हैं। वैसे तो वह जानता था कि अलगू उसका बचपन का दोस्त है। विश्वास था कि वह उसी का पक्ष लेगा। लेकिन इन दिनों उसका विश्वास दरकने लगा था। अलगू अधिक धार्मिक हो गया था और जुम्मन अधिक दीनी। मन में शंका का कीड़ा कुलबुला रहा था। वह अलगू की तरफ से निश्चिंत नहीं हो पा रहा था।

जुम्मन जानता था कि अलगू जब से मुखिया बना है, उसके रंग-ढंग बदल गए हैं। उसने मुखिया बनने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया है। अब वह वसूली में जुटा है। उसे पैसे की चट लग चुकी है। उनकी दोस्ती में भी वह ऊष्मा नहीं बची थी। उसके गाल टमाटर जैसे लाल हो गए हैं। जैसे टमाटर के भाव बढ़ गए हैं वैसे ही उसके भाव भी बढ़ गए हैं। खेती-बाड़ी खूब बढ़ गई है। उसके नाम का डंका बजने लगा है। घर में मोटर साइकिलों, ट्रैक्टरों और कारों का अम्बार लग गया है।

खाला ने जुम्मन को मुसीबत में फंसा रखा था। दी गई जायदाद के बदले खाना-खर्चा मांग रही थी। वह अलगू के पास पहुंचा। बोला-"देख अलगू भाई, अपन बचपन के दोस्त हैं। फैसला देना तो ज़रा सोच समझकर देना।" जुम्मन को पता लग गया था कि पंच के हृदय में अब परमेश्वर निवास नहीं करता। पैसा निवास करता है। धमनी और शिराओं में पैसा बहता है। "बुढ़िया का पक्ष मत लेना दोस्त। वह सठिया गई है। आगे-पीछे बुढ़िया का मुझे ही देखना है। वह कितने दिन और जिएगी! ले ईमान को अपनी जेब में रख।" यह कहते हुए जुम्मन ने अलगू की जेब में एक भारी लिफाफा सरका दिया। "अरे, ये पैसे की क्या बात है।

तू काहे फिकर करता है। फैसला होगा तो तेरे ही हक़ में होगा। बुढ़िया को मैं समझा दूंगा।" अब जुम्मन खुश था। अलगू ने पंचायत बैठने से पहले ही फैसला ले लिया था। जुम्मन भी निश्चिंत था कि अब फैसला उसी के पक्ष में होगा। अलगू ने लिफाफा स्वीकार कर लिया था। बेचारी खाला का क्या होगा, न अल्ला जानते हैं न भगवान। शायद उसे पहले की ही तरह अपनी बहू की जली-कटी सुननी पड़े। रोज ही भूखा रहना पड़े। आखिर कब तक वह न्याय की गुहार लगाती रहेगी।

### नॉलेज कॉर्नर: 1 नवंबर 1956 को 6 राज्य एक साथ आए अस्तित्व में

# देश के 6 प्रांत एक साथ मनाते हैं स्थापना दिवस

देश- दुनिया में तारीखों, तिथि और दिवसों का बहुत ही अधिक महत्व होता है। देश दुनिया के लोग अपने त्योहार, पर्व, उत्सव और कई तरह के समारोह तारीखों के आधार पर मनाते हैं। वैसे तो 1 नवम्बर कई प्रमुख चीजों के लिए जानी जाती है लेकिन यहां हम 1 नवम्बर की बात कर रहे हैं भारत के इतिहास में बहुत महत्व है। इस दिन वर्षों पहले देश के विभिन्न राज्यों का भाषा के आधार पर पुनर्गठन करने का फैसला लिया गया था। 1 नवंबर के दिन भारत के छह अलग-अलग राज्यों का जन्म हुआ। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तृत रूप से जानते हैं 1 नवम्बर को स्थापित हुए देश के इन प्रमुख राज्यों के बारे में...

## भाषा के आधार पर हुआ गठन

सन 1950 से भाषायी पंजाबी, हिंदी, पहाड़ी के आधार पर उठी राज्यों की मांग के चलते 'पंजाब पुनर्गठन विधेयक, 1966' के अनुसार 1 नवंबर, 1966 को 'हरियाणा' राज्य के रूप में एक नए राज्य का उदय हुआ। अब पंजाबी भाषी सिख पंजाब, हिंदी भाषी हिंदू हरियाणा का हिस्सा बन गए। जहां पहाड़ी बोली जाती थी, उस भाग को हिमाचल प्रदेश के रूप में पहचान मिली। पुनर्गठन के समय चंडीगढ़ पर हरियाणा और पंजाब दोनों ने ही अपना अधिकार जताया, इसलिए चंडीगढ़ को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के साथ ही इन दोनों राज्यों की राजधानी के रूप में भी जाना जाता है।




भारत के दक्षिण में स्थित कर्नाटक जिसे कर्णाटक भी कहते हैं, दक्षिण भारत का एक राज्य है। इस राज्य का गठन भी 1 नवंबर, 1956 को राज्य पुनर्गठन अधिनियम के अधीन किया गया था। पहले यह मैसूर राज्य कहलाता था। 1973 में पुनर्नामकरण कर इसका नाम कर्नाटक कर दिया गया था। 1 नवंबर 1956 में तिरुकोच्चि के साथ मलाबार को भी जोड़ा गया और इस तरह वर्तमान केरल की स्थापना 1 नवंबर 1956 को हुई। इस तारीख को केरल का भी भी स्थापना दिवस मनाया जाता है।

## आज हुआ था गठन

देश में 1 नवंबर के दिन साल 1956 से लेकर साल 2000 तक भारत के छह अलग-अलग राज्यों का गठन हुआ। इसमें मध्य-प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक और केरल शामिल हैं। ये छह राज्य एक ही दिन अपना स्थापना दिवस मनाते हैं। वहीं 1 नवंबर के दिन ही देश की राजधानी दिल्ली सहित चंडीगढ़, पुडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया गया था। स्थापना दिवस को लेकर सभी राज्यों में कई कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इन सभी राज्यों का गठन केंद्र ने भाषा के आधार पर किया था।

## मध्यप्रदेश बना देश का दिल

*देश का दिल कहे जाने वाला राज्य मध्यप्रदेश आज स्थापना दिवस मना रहा है। इस राज्य की स्थापना 1 नवंबर 1956 को ही हुई थी। मध्यप्रदेश को चार प्रान्त- मध्य प्रांत, पुराना मध्य प्रदेश, विंध्य प्रदेश और भोपाल को जोड़कर ही एक राज्य बनाना गया था। पुनर्गठन के पहले इसे मध्य भारत के नाम से भी जाना जाता था।*

*कंटेंट: श्रवण भाटी*



**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
कांग्रेस की गारंटियों का लाभ राजस्थान के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 'कांग्रेस गारंटी यात्रा' शुरू की जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि #कांग्रेस_की7गारंटी से राजस्थान के हर गांव-कस्बे को फायदा मिले।



**सचिन पायलट**, कांग्रेस नेता
@SachinPilot
उत्साह, उम्मीद, उमंग, टोंक चला कांग्रेस के संग



**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
एक बार जब तुमने मेरे साथ बैठने की 'गलती' कर ली, तो मोक्ष का बीज बो दिया गया। चाहे आप इसे पसंद करें या न करें, यह आपको परम मुक्ति की ओर धकेलता रहेगा।



**अरुण गोविल**, अभिनेता
@arungovil12
भरोसा किसी पर भी कर लो, लेकिन भरोसे केवल ईश्वर के ही रहना।



**गौर गोपाल दास**, आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अपनी भावनाओं के प्रति संवेदनशील होना कोई कमजोरी नहीं है। यह आंतरिक शक्ति का प्रतीक है। हम जिस भी दौर से गुजर रहे हैं, उसे व्यक्त करने में हम अपनी शांति और स्पष्टता पा सकते हैं।







**मध्य प्रदेश चुनाव परिक्रमा: सियासी घमासान हुआ तेज, नेताओं के बीच बयानों के वार-पलटवार**

# शाह ने दिया जीत का सूत्र: बसपा-सपा प्रत्याशियों की करें मदद

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव मैदान में उतरी कई क्षेत्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों में अपनी जीत की संभावना नजर आ रही है। राज्य के चुनावी दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा के मुख्य चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने सोमवार शाम ग्वालियर में नाराज पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक वन टू वन मीटिंग की।

इस दौरान शाह ने सपा और बीएसपी उम्मीदवारों की मदद की बात की है। इससे कांग्रेस की सेहत पर असर पड़ेगा। शाह बोले ये ही प्रत्याशी कांग्रेस के वोट काटेंगे।



इनके चुनाव मैदान में रहने और इनकी ताकत बढ़ने से हमें फायदा होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को चार सूत्र भी बताए और कहा, रूठों पर ज्यादा ऊर्जा बर्बाद मत करो, जब माहौल बदलेगा वे चुपचाप आकर काम करने लगेंगे, सपा-बसपा उम्मीदवारों की मदद करें। । मतदान के दिन सपरिवार वोट करें और चार परिचित परिवारों को भी करवाएं और लाभार्थियों पर फोकस करें।

## लूटे गए माल के बंटवारे के लिए लड़ रहे जय-वीरू: चौहान



दूसरी ओर राज्य में बढ़ते सियासी घमासान के बीच कांग्रेस व भाजपा नेताओं के बीच वार और पलटवार जारी हैं। राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ को वॉलीवुड की चर्चित फिल्म शोले के किरदारों 'जय' और 'वीरू' के रूप में संदर्भ देते हुए कटाक्ष किया कि वे लूटे गए माल के बंटवारे को लेकर आपस में लड़ रहे हैं। ज्ञात रहे कि कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला द्वारा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की तुलना 1975 में आई इस फिल्म में अभिनेता अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र द्वारा निभाए गए 'जय' और 'वीरू' के किरदार से की थी। इसी के बाद चौहान ने यह टिप्पणी की है। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पार्टी नेतृत्व से मिलने के लिए मंगलवार को दिल्ली में हैं। इन नेताओं की दिल्ली यात्रा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, जय-वीरू की जोड़ी को दिल्ली बुलाया गया है।

## पिछड़े वर्गों के लिए आयोग का गठन करेंगे



इस बीच प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह पिछड़े वर्गों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना कराएगी और उन्हें समान अवसर प्रदान करने के लिए एक आयोग का गठन करेगी। कमलनाथ ने मंगलवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि वह राज्य में पिछड़े वर्ग के परिवारों को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पिछड़े वर्गों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी। पिछड़े वर्गों के समग्र विकास के लिए एक 'समान अवसर आयोग' बनाया जाएगा। इससे पहले, इस साल अगस्त में सागर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी घोषणा की थी कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो मध्य प्रदेश में जाति आधारित जनगणना होगी।

## कांग्रेस व टीजेएस चुनाव में मिलकर करेंगे काम

**हैदराबाद।** कांग्रेस और एम कोडंदरम की तेलंगाना जन समिति (टीजेएस) ने 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी, राज्य में पार्टी मामलों के प्रभारी माणिकराव ठाकरे और अन्य पार्टी नेताओं द्वारा यहां टीजेएस कार्यालय में कोदंडराम से मुलाकात के बाद सोमवार को इस फैसले की घोषणा की गई। रेवंत रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बीआरएस के 'जनविरोधी' शासन को खत्म करने के लिए टीजेएस का सहयोग मांगा। कांग्रेस चुनाव में सत्ता में आई तो टीजेएस की सरकार में अहम भूमिका होगी। टीजेएस ने कांग्रेस से सत्ता में आने के बाद मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य प्रदान करने का आग्रह किया है।

## भर्ती परीक्षाओं का शुल्क माफ करने का वादा

**भोपाल।** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में सत्ता में आती है, तो राज्य में सरकारी नौकरी भर्ती परीक्षाओं के लिए ली जाने वाली फीस माफ कर दी जाएगी। जैन ने भोपाल में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि मध्य प्रदेश में एक करोड़ से अधिक युवा बेरोजगार हैं और उनमें से केवल 40 लाख ही सरकार के साथ पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान नौकरी के इच्छुक गरीब अभ्यर्थियों से भर्ती परीक्षाओं की फीस के रूप में 100 करोड़ रुपएसे अधिक की वसूली की है। जैन ने यह भी दावा किया कि पिछले 18 वर्षों में राज्य में 17,298 बेरोजगार युवाओं ने आत्महत्या की है। राज्य में 17 नवंबर को मतदान होगा।

**तेलंगाना में गरमाया सियासी माहौल: मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव व राहुल गांधी में वाकयुद्ध**

# चुनावी जंग 'सामंती' और 'प्रजाला' के बीच: राहुल

**एजेंसी** | हैदराबाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी उन आकांक्षाओं को पूरा करेगी जिनके लिए तेलंगाना का गठन किया गया था, और आरोप लगाया कि राज्य विधानसभा के लिए चुनावी जंग 'दोराला' (सामंती) तेलंगाना एवं 'प्रजाला' (जनता की) तेलंगाना के बीच है।

राहुल ने कोल्लापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोगों की इच्छाओं को ध्यान में रखकर, तेलंगाना (गठन) के सपने को पूरा किया था। लोगों और कांग्रेस का तेलंगाना राज्य का एक साझा सपना था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह उम्मीद थी कि आम आदमी और गरीबों को अलग तेलंगाना राज्य के गठन से फायदा पहुंचेगा, लेकिन पिछले 10 वर्षों में केवल एक परिवार को फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस उन आकांक्षाओं को पूरा करेगी, जिनके लिए राज्य का गठन हुआ था।



### भाजपा, AIMIM व BRS में सांठगांठ

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि 30 नवंबर के विधानसभा चुनाव में, लड़ाई कांग्रेस और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस, भारतीय जनता पार्टी और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के बीच सांठगांठ है तथा इनका यह लक्ष्य है कि कांग्रेस तेलंगाना चुनाव नहीं जीते।

### कांग्रेस ने की रामा राव के बयान की निंदा

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने सोमवार को कांग्रेस के गुंडों को दोषी ठहराने वाले ट्वीट पर रामा राव की आलोचना की थी। रामा राव को ड्रामा राव करार देते हुए रेवंत ने कहा था कि एक सांसद पर हमले का इस्तेमाल घटिया राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करना दर्शाता है कि बीआरएस की हार निश्चित है।

### उम्मीदवारों व MLA की सुरक्षा की समीक्षा होगी

**हैदराबाद।** सत्तारूढ़ दल भारत राष्ट्र समिति के सांसद के. प्रभाकर रेड्डी पर हमले के मद्देनजर तेलंगाना पुलिस ने 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों और मौजूदा विधायकों की सुरक्षा की समीक्षा करने और उन्हें प्रदान सुरक्षा को 'खतरे की धारणा' के आधार पर बढ़ाने का फैसला किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस आयुक्तों और जिल पुलिस अधीक्षकों को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के साथ-साथ विधायकों और सांसदों की सुरक्षा की समीक्षा करने और इसके मुताबिक, उनकी सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा गया है।

# 'नकारात्मक ताकतों को सबक सिखाएं'

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा चुनाव में दब्बुका विधानसभा क्षेत्र से बीआरएस के उम्मीदवार के. प्रभाकर रेड्डी पर चाकू से हमले को लेकर सियासी वार पलटवार शुरू हो गए हैं।

भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को कहा कि ऐसे हमलों का सहारा लेने वाली नकारात्मक ताकतों को सबक सिखाया जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि प्रभाकर रेड्डी पर 38 वर्षीय एक व्यक्ति ने सोमवार को सिद्दीपेट जिले में चुनाव प्रचार के दौरान चाकू से हमला कर दिया था। सीएम केसीआर ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में कुछ नकारात्मक ताकतें हमेशा रहेंगी। सोमवार को हमारे सांसद प्रभाकर रेड्डी की जान लेने की कोशिश की गई। ईश्वर की कृपा से, वह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करना ऐसी नकारात्मक ताकतों के चेहरे पर तमाचा होगा।



### कांग्रेस में सीएम पद के एक दर्जन उम्मीदवार: केसीआर

सीएम चंद्रशेखर राव ने हुजूरनगर में एक चुनावी रैली में कांग्रेस पार्टी का मखौल उड़ाया कि राज्य में उसके पास मुख्यमंत्री पद के कम से कम एक दर्जन उम्मीदवार हैं। राव ने इसके साथ ही लोगों से उस पार्टी को वोट देने की अपील की, जो वादों को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता हमेशा अपने पदों और ठेकों में रुचि रखते हैं और उन्हें इस क्षेत्र के लोगों के हितों की कभी भी चिंता नहीं रही। उन्होंने कांग्रेस नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से लेकर तेलंगाना कांग्रेस विधायक दल के नेता भट्टी विक्रमार्क तक कहते हैं कि धरणी को समाप्त किया जाना चाहिए, जिसके अवांछनीय परिणाम हो सकते हैं।

इस मौके पर कांग्रेस के नेता नेता नागम जनार्दन रेड्डी और पी. विष्णु वर्धन रेड्डी यहां बीआरएस में शामिल हो गए। कांग्रेस ने दोनों नेताओं को विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया था।

**जननायक जनता पार्टी में कलह**

# पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी काजल ने पार्टी छोड़ी

**एजेंसी** | जींद (हरियाणा)

पूर्व विधायक एवं हरियाणा वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष सूरजभान काजल ने (जजपा) के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी पद एवं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

जननायक जनता पार्टी ने राजस्थान में हो रहे विधानसभा चुनावों में भी कई सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। काजल ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि लगभग चार दशक पहले वकालत के दौरान उन्होंने चौधरी देवीलाल के मार्गदर्शन में सक्रिय राजनीति में कदम रखा था और अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने जिला अध्यक्ष सहित महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य किया। लेकिन पिछले कुछ समय से जजपा द्वारा कार्यकर्ताओं की अनदेखी के चलते साथियों का उन पर पार्टी से त्यागपत्र देने का दबाव था। इस कारण उन्हें लोकदल परिवार से दशकों पुराना नाता तोडऩा पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी आगामी रणनीति के बारे में अपने साथियों के साथ विचार विमर्श कर वह फैसला करेंगे।

सूरजभान काजल जुलाना से 1991 में लोक दल से विधायक बने थे। वह 2000 से 2005 तक वित्त आयोग के अध्यक्ष भी रहे थे। वह कई वर्षों तक 'हरियाणा हैंडबाल एसोसिएशन' के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे।

## मिजोरम में दिख रहा है भाजपा का पाखंड

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने मिजोरम में पहले अपने सहयोगियों का साथ दिया और अब चुनाव के समय उनका विरोध करने लगी है और यह केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी का पाखंड है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मिजो नेशनल फ्रंट या जोराम पीपुल्स मूवमेंट के लिए वोट करने का मतलब वास्तव में भाजपा के लिए वोट करना है। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों के लिए सात नवंबर को मतदान होगा।।

## जमानत मिली, परिजनों के बीच पहुंचे नायडू

*अमरावती। तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश कौशल विकास निगम में कथित घोटाला मामले में चार हफ्ते के लिए अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने स्वास्थ्य आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत दी। नायडू 53 दिन जेल में रहने के बाद शाम करीब 4:20 बजे राजामहेंद्रवरम केंद्रीय जेल से बाहर निकले।*



**छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी**

# टिकट नहीं मिलने से नाराज कांग्रेस एमएलए ने थामा भाजपा का दामन

**एजेंसी** | अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए तेज होते सियासी घमासान तेज हो गया है। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस नक्सली गतिविधियों से प्रभावित बस्तर अंचल पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। पार्टी के दिग्गज नेता वहां का दौरा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार बस्तर संभाग का दौरा कर रहे हैं, लेकिन दिग्गज नेताओं के दौरों से राज्य में बढ़ते सियासी तापमान के बीच कांग्रेस को झटका लगा है। कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज पार्टी के विधायक चिंतामणि महाराज ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से दो अन्य



विधायकों-अनूप नाग और किस्मत लाल नंद भी बागी तेवर अपनाए हुए हैं। नाग के अंतागढ़ सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने के फैसले के बाद कांग्रेस ने उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। वहीं, नंद जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) में शामिल हो गए हैं और अपनी मौजूदा सीट सरायपाली से चुनाव लड़ रहे हैं। सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में मंगलवार को एक समारोह के दौरान भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर और प्रदेश इकाई के महामंत्री (संगठन) पवन साय की उपस्थिति में चिंतामणि महाराज भाजपा में शामिल हो गए। महाराज कांग्रेस के तीसरे विधायक हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद बागी तेवर अपनाए हैं। माथुर ने संवाददाताओं से कहा, यह चिंतामणि महाराज की 'घर वापसी' है। पूर्व में कोई कारण रहा होगा, इसलिए उन्होंने भाजपा छोड़ दी थी। लेकिन अब हमारा पूर्व कार्यकर्ता पार्टी में लौट आया है। पूरी पार्टी उनका स्वागत करती है।



### 2013 में कांग्रेस में शामिल हुए थे महाराज

चिंतामणि महाराज पहले भाजपा में थे। 2013 के विधानसभा चुनाव से पहले वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा महाराज को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में मैदान में उतारेगी, इस पर माथुर ने कहा कि इसके लिए इंतजार करें। महाराज वर्तमान में बलरामपुर जिले की सामरी सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। कांग्रेस ने इस बार विजय पैकरा को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने इस सीट से उधेश्वरी पैकरा को अपना उम्मीदवार बनाया है जो बलरामपुर जिला पंचायत की सदस्य हैं। उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर लुंड्रा सीट से 2013 का विधानसभा चुनाव लड़ा था और पहली बार विधायक चुने गए थे। अंबिकापुर सीट से भाजपा ने नए चेहरे राजेश अग्रवाल को मैदान में उतारा है।

### चिंतामणि महाराज का आदिवासियों पर है प्रभाव, इससे बढ़ी कांग्रेस की चिंता

चिंतामणी महाराज छत्तीसगढ़ के संत गहिरा गुरु के बेटे हैं। सरगुजा संभाग समेत प्रदेश भर में उनके समाज के अनुयायी हैं। आदिवासी समाज पर उनका प्रभाव माना जाता है। ऐसे में भाजपा में उनके प्रवेश करने से सरगुजा संभाग की 6 सीटों पर सीधा असर पड़ सकता है। वर्तमान में संभाग की सभी 14 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। उनके इस कदम से कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है।

### छत्तीसगढ़: दूसरे चरण में 70 सीटों पर 1219 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन पत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए कुल 1219 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। दूसरे चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। दूसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। उम्मीदवार दो नवंबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

### 38.35 करोड़ रुपये की नकदी, वस्तुएं जब्त

छत्तीसगढ़ में नौ अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 38 करोड़ 34 लाख रुपए से अधिक नकदी और वस्तुएं जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि प्रवर्तन एजेंसियों ने निगरानी के दौरान 29 अक्टूबर तक 30 हजार 840 लीटर अवैध शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 90 लाख 87 हजार 532 रुपये है।

## जरूरी खबर

### महुआ मोइत्रा कल आचार समिति के सामने होंगी पेश



**नई दिल्ली/ कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को कहा कि वह 'रिश्वत लेकर सवाल पूछने' के आरोप से संबंधित मामले में दो नवंबर को लोकसभा आचार समिति के सामने पेश होंगी और वह उन सारे झूठ का पर्दाफाश कर देंगी जो उन्हें संसद में चुप कराने के मकसद से फैलाए गए हैं। साथ ही, उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों पर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से जिरह करने की इच्छा भी व्यक्त की। मोइत्रा ने अपने पहले से तय कार्यक्रमों को हवाला देते हुए समिति के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर से 5 नवंबर के बाद समिति की बैठक बुलाने का आग्रह किया था, लेकिन समिति ने दो नवंबर से आगे की तारीख बढ़ाने से इनकार कर दिया था।

### मुकेश अंबानी को फिर धमकी, 400 करोड़ मांगे



**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को एक अज्ञात व्यक्ति का धमकी भरा ईमेल मिला है, जिसमें 400 करोड़ रुपये मांगे गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अंबानी की कंपनी को सोमवार को यह ईमेल मिला। एक अधिकारी ने बताया कि यह चार दिन में अंबानी को भेजा गया धमकी भरा तीसरा ईमेल है। इससे पहले, शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पहला ईमेल भेजे जाने के बाद उद्योगपति के सुरक्षा प्रभारी की शिकायत के आधार पर यहां गामदेवी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस ईमेल में 20 करोड़ रुपए मांगे गए थे।

### दिल्ली व आसपास वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब'

**नई दिल्ली।** दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में मंगलवार को धुंध छाई रही और लगातार चौथे दिन राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। पुणे स्थित भारतीय ऊष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा विकसित संख्यात्मक मॉडल-आधारित प्रणाली के अनुसार, वर्तमान में शहर की खराब वायु गुणवत्ता में वाहन उत्सर्जन (11 प्रतिशत से 16 प्रतिशत) और पराली जलाने (सात प्रतिशत से 16 प्रतिशत) का सबसे ज्यादा योगदान है।

## श्रीनगर में एकता दौड़



*श्रीनगर। देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मंगलवार को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्रीनगर में एकता दौड़ में भाग लेती छात्राएं।*

### 'चुनावी बॉन्ड योजना लोकतंत्र को नष्ट कर देगी'

**नई दिल्ली।** राजनीतिक दलों को चंदे के लिए 2018 में अधिसूचित की गई 'चुनावी बॉंड' योजना की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय से मंगलवार को कहा कि यह लोकतंत्र को नष्ट कर देगी क्योंकि यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है और सत्तारूढ़ एवं विपक्षी दलों को समान अवसर उपलब्ध नहीं कराती। न्यायालय ने कहा कि चुनावी वित्त पोषण एक 'पेचीदा मुद्दा'है। गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स' (एडीआर) की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ से कहा कि चुनावी बॉंड योजना राजनीतिक दलों को चंदे के स्रोत के बारे में सूचना पाने के नागरिकों के अधिकार को कमजोर करता है, जो संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(ए) के तहत प्रदत्त मूल अधिकार है। योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दलील पेश करना शुरू करते हुए, भूषण ने कहा कि यह अपारदर्शी' और अनाम माध्यम देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है।

## एप्पल से मिले चेतावनी संदेश के बाद विपक्षी नेताओं ने सरकार को घेरा

# आईफोन में 'सरकार प्रायोजित सेंधमारी' के प्रयास का दावा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

विपक्ष के कई नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें उनके आईफोन में "सरकार प्रायोजित सेंधमारी के प्रयास' के बारे में एप्पल से चेतावनी संदेश मिला है तथा इस कथित हैकिंग के प्रयास के लिए सरकार जिम्मेदार है। दूसरी ओर केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया और कहा कि सरकार इसकी गहन जांच कराएगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी पार्टी और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के आईफोन को सरकार प्रायोजित हैकर्स द्वारा हैक करने का प्रयास किया गया और यह अडाणी समूह के मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश भर है। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि उद्योगपति गौतम अडाणी देश में नंबर एक हैं और इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का नंबर आता है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब भी अडाणी से जुड़ा मामला उठाया जाता है तो एजेंसियों को जासूसी में लगा दिया जाता है। राहुल ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा, जितनी टैपिंग करनी है कर लो, हम डरने वाले नहीं हैं।

### ■ अडाणी के मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश: राहुल



#### इन नेताओं को मिला चेतावनी संदेश

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत एवं टी एस सिंहदेव, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम)के असदुददीन ओवैसी को भी इसी तरह का संदेश मिला है।

#### यह मिला सांसदों को संदेश

सांसदों द्वारा साझा किए गए संदेश में कहा गया, चेतावनी: सरकार प्रायोजित हैकर्स आपके आईफोन को निशाना बना सकते हैं।

#### संदेशों की तह तक जाएंगे: वैष्णव

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार सभी नागरिकों की गोपनीयता और सुरक्षा की रक्षा करने की अपनी भूमिका को बहुत गंभीरता से लेती है और इन संदेशों की तह तक जाने के लिए जांच करेगी। हमने एप्पल से इस मामले में सटीक जानकारी के साथ जांच में शामिल होने के लिए भी कहा है। जांच सीईआरटी-इन द्वारा की जाएगी।

#### एप्पल ने चेतावनी की वजह बताने से किया इनकार

आईफोन निर्माता एप्पल ने मंगलवार को कहा कि वह विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को भेजे गए चेतावनी संदेश को किसी विशिष्ट सरकार-प्रायोजित सेंधमारों से नहीं जोड़ती और वह इस बारे में जानकारी नहीं दे सकती है कि ऐसी चेतावनियों का कारण क्या है। ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है जो अक्सर अपूर्ण और अधूरे होते हैं। यह संभव है कि एप्पल के खतरे संबंधी कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता।

## मराठा आरक्षण आंदोलन

### बीड जिले में कर्फ्यू लागू, इंटरनेट पर प्रतिबंध



**एजेंसी | छत्रपति संभाजीनगर**

मराठा आरक्षण आंदोलन को लेकर महाराष्ट्र के बीड जिले में सोमवार को हुई हिंसा के बाद लगाया गया कर्फ्यू मंगलवार को भी कर्फ्यू जारी रहा और इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहीं, हालांकि हिंसा की कोई ताजा घटना नहीं हुई।

इससे पहले, आरक्षण आंदोलन तेज होने के कारण नेताओं के घरों और कार्यालयों को निशाना बनाकर हिंसा और आगजनी की घटनाओं के बाद सोमवार शाम को जिले के कुछ हिस्सों में 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और कर्फ्यू लगाया गया था। इस बीच पुलिस ने मंत्रालय (सचिवालय), मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अन्य राजनीतिक नेताओं के आवास के साथ-साथ राजनीतिक दलों के दफ्तरों की सुरक्षा बढ़ा दी है।

#### मराठा आरक्षण के लिए सर्वेक्षण की सिफारिश

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राज्य पिछड़ा आयोग से मराठा समुदाय के लिए आरक्षण के संबंध में सर्वेक्षण करने और उच्चतम न्यायालय में दायर उपचारात्मक याचिका को त्रुटि मुक्त बनाने के लिए डेटा एकत्र करने की सिफारिश की, ताकि समुदाय को आरक्षण दिया जा सके। एक मंत्री ने यह जानकारी दी। मराठा आरक्षण पर राज्य सरकार की उपसमिति के प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए यह जानकारी दी।

प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर में मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और टायर जलाए।

## तीसरे दिन भी आतंकी हमला

### हेड कांस्टेबल शहीद

**एजेंसी | श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने एक पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या दी।

अधिकारियों ने बताया कि हेड कांस्टेबल गुलाम मोहम्मद डार को जिले के पट्टन इलाके के क्रालपोरा स्थित उनके आवास के बाहर आतंकवादियों ने गोली मार दी। डार को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। कश्मीर घाटी में पिछले तीन दिनों में यह इस तरह का तीसरा आतंकवादी हमला है।

रविवार को श्रीनगर में एक आतंकवादी ने एक पुलिस अधिकारी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वहीं, सोमवार को पुलवामा जिले में उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## इंदिरा गांधी को किया नमन



*नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर शक्ति स्थल पर नमन करते कांग्रेस नेता।*

## 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान

### राजस्थान हुआ तृतीय पुरस्कार से सम्मानित



**एजेंसी | नई दिल्ली**

राजस्थान ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान "मेरी माटी मेरा देश अभियान" में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में तृतीय स्थान हासिल कर अमृत अवार्ड प्राप्त किया है। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मंगलवार को आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के भव्य समापन समारोह में यह पुरस्कार राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने प्रधानमंत्री से ग्रहण किया।

इस अवसर पर नई दिल्ली में राजस्थान सरकार के आवासीय आयुक्त धीरज श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में प्रधानमंत्री ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 3 राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ मंत्रालयों और विभागों को आजादी का अमृत पुरस्कार प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि इन पुरस्कार का चयन उच्च स्तर पर गठित एक समिति द्वारा किया गया। जिसके अनुसार 36 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में से 3 राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रथम पुरस्कार जम्मू और कश्मीर को द्वितीय पुरस्कार गुजरात को दिया गया। तीसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से राजस्थान और हरियाणा को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुरस्कार विजेता राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों को बधाई दी।

## जयंती पर सरदार पटेल को किया याद

# तुष्टीकरण की राजनीति विकास यात्रा में सबसे बड़ी बाधा

**एजेंसी | केवड़िया (गुजरात)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति देश की विकास यात्रा में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने यह भी कहा कि एक बहुत बड़ा राजनीतिक वर्ग है जो सकारात्मक राजनीति करने का कोई रास्ता नहीं देख सकता तथा अपने स्वार्थ के लिए देश की एकता के साथ समझौता भी कर सकता है।

पीएममोदी ने भारत के पहले गृह मंत्री की जयंती के अवसर पर गुजरात के नर्मदा जिले में केवड़िया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर सरदार पटेल को पुष्पांजिल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और वहां मौजूद जनसभा को संबोधित किया।



मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत की आंतरिक सुरक्षा को कई मोर्चों से चुनौतियां मिलती रही हैं, लेकिन सुरक्षाबलों की कड़ी मेहनत के कारण देश के दुश्मन अतीत की तरह सफल नहीं हो पा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सदी के अगले 25 साल भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं और हमें इसे एक समृद्ध एवं विकसित देश बनाना है। सरदार वल्लभभाई पटेल से प्रेरणा लेते हुए इस लक्ष्य को हासिल करना है।

उन्होंने कहा, हमारी विकास यात्रा में सबसे बड़ी बाधा तुष्टीकरण की राजनीति है।

### 'आजादी का अमृत महोत्सव' जन आंदोलन बन गया



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन पर मंगलवार को कहा कि करीब 1,000 दिन का यह उत्सव जन आंदोलन बन गया है। मोदी ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान और इसके साथ 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से लाई गई मिट्टी का तिलक भी लगाया।

#### मेरा युवा भारत' मंच की शुरुआत

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की ओर से 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए विभिन्न हिस्सों की मिट्टी दिल्ली लाई गई है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक का उद्घाटन किया और देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' मंच की शुरुआत भी की। उन्होंने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प दोहराया और युवाओं से इस दिशा में काम करने का आग्रह किया।

## जवाहर कला केंद्र में लोकरंग महोत्सव में जम रहा है लोक कलाओं का रंग

# लोकरंग में 230 कलाकारों ने साकार की देशभर की संस्कृति


गुजरात @ डांगी नृत्य


उत्तराखंड @ छोलिया नृत्य

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के मंच पर विभिन्न राज्यों की संस्कृति, नृत्य और गायन के जरिए साकार हुई। 230 कलाकारों ने मंच शेयर किया और बारी-बारी ग्रुप में कला के रंग बिखेरे। नजारा था जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित लोकरंग महोत्सव में कला प्रेमियों को विभिन्न प्रदेशों की लोक कलाओं से रूबरू कराने का। दूसरी ओर शिल्पग्राम में लगे राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में क्रिएटिविटी देखने को मिली।

### 7 राज्यों के 9 नृत्यों ने किया प्रभावित

शिल्पग्राम के मुख्य मंच पर ग्रामीण भवाई, मांड गायन, घूमर, चरी नृत्य, बीजणी व मिश्र रास की प्रस्तुतियां हुईं। मध्यवर्ती में राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह में 7 राज्यों के 9 लोक नृत्य पेश किए गए। उत्तर भारत में स्थित उत्तराखंड के छोलिया नृत्य से समारोह की शुरुआत हुई। पहाड़ी सरलता को दर्शाते हुए जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने डोगरी नृत्य पेश तो जयपुराइट्स रोमांचित हो गए। देवी की आराधना के समय किए जाने वाले डेरु नृत्य ने राजस्थान की लोक संस्कृति से साक्षात्कार कराया। डेरु भगवान शिव के डमरू से प्रेरणा लेकर ईजाद किया गया लोक वाद्ययंत्र है। उत्साह व हर्ष से भर देने वाले नृत्य में देवी को राजा जगदेव द्वारा शीशदान करने के प्रसंग का वर्णन किया गया।


जम्मू कश्मीर @ डोगरी नृत्य

### 8 तक रोजाना होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

11 दिवसीय लोकरंग 8 नवंबर तक लोक संस्कृति की सुगंध बिखेरेगा। शिल्पग्राम में सुबह 11 से रात्रि 10 बजे तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला जारी रहेगा तो मुख्य मंच पर लोक विधाओं की प्रस्तुति होगी। शाम को राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह के तहत विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकार प्रस्तुति देंगे।

### मंच पर साकार हुई आदिवासी संस्कृति

गुजरात से आए कलाकारों ने डांगी नृत्य में आदिवासी संस्कृति को मंच पर साकार किया। डांगी जनजाति की ओर से यह नृत्य किया जाता है। पारंपरिक परिधान में तैयार कलाकारों ने पिरामिड बनाए तो सभी उत्साहित हो उठे। तमिलनाडु के कड़घम नृत्य में नर्तकों ने करतब से सभी का ध्यान खींचा। भवई की भव्यता ने मंच की शोभा बढ़ाई तो हरियाणा के घूमर के बाद पंजाब के कलाकारों ने लुड्डी की प्रस्तुति में मधुर गीत पर युवक-युवतियों की नोंक-झोंक को दर्शाया। दूसरी ओर तमिलनाडु के कलाकारों की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## स्टूडेंट्स ने निकाला 'वॉक 4 डिस्लेक्सिया' जागरूकता मार्च



**बेधड़क. जयपुर।** बच्चे बैनर और पोस्टर लेकर सड़कों पर निकल पड़े और जयपुराइट्स को जागरूक किया। द पैलेस स्कूल के स्टूडेंट्स विश्व डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के समापन पर सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र से वॉक की। इस दौरान 'वॉक 4 डिस्लेक्सिया' जागरूकता मार्च निकाला गया। मार्च का उद्देश्य डिस्लेक्सिया के बारे में गलत धारणाओं को दूर करना और इसे एक बीमारी या शारीरिक स्थिति के बजाय विशिष्ट सीखने की शैली के रूप में उजागर करना था। महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी और द पैलेस स्कूल बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्या रमा दत्त ने वॉक को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने विश्व के कई नेताओं, लेखकों, अभिनेताओं, अन्वेषकों और उद्यमियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर जोर दिया, जिन्होंने डिस्लेक्सिया होने के बाद भी खुद को साबित किया। प्राचार्या उर्वशी वॉर मैन ने बताया कि यह पहल भारत के 21 शहरों में फैले एक राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है। वॉक से पहले प्रतिभागियों को ऊर्जावान बनाने के लिए ब्रेन जिम अभ्यास आयोजित किया गया। माहौल को आकर्षक बनाए रखने के लिए इंटरैक्टिव क्विज ने प्रतिभागियों के ज्ञान का परीक्षण किया और डिस्लेक्सिया जागरूकता को बढ़ावा दिया। क्विज ने डिस्लेक्सिया से पीड़ित बच्चों को समझने और उनका समर्थन करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ी।

## 51 जोड़े मनाएंगे करवा चौथ

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में करवा चौथ पर 51 जोड़े सामूहिक रूप से करवा चौथ सेलिब्रेट करेंगे। मालवीय नगर स्थित होटल येनेला द कनॉट हाउस में होने कार्यक्रम में जोड़े विधि विधान से एक साथ पूजन करेंगे और चौथ माता की कहानी सुनेंगे। पतियों का साथ महिलाओं को मिलने के उद्देश्य से कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें एक साथ विधि-विधान से पूजा व्रत खोलने की तैयारी की गई है। साथ ही इसकी कथा व इससे जुड़े विविध पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

## राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ



**बेधड़क. जयपुर।** कानोड़िया पीजी गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से 'साहित्य में अलंकार और अलंकार्य' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ अलवर के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शिव शरण कौशिक ने अलंकार सिद्धांत को परिभाषित करते हुए भामह, दंडी आदि आचार्यों के मत पर प्रकाश डाला। उन्होंने शब्द और अर्थ के आधार पर अलंकार के भेद स्पष्ट किए और छात्राओं से परस्पर संवाद करते हुए उदाहरण सहित विषय को विस्तार से समझाया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शीताभ शर्मा ने वक्ता का स्वागत किया और सहायक आचार्य डॉ. धर्मा यादव ने धन्यवाद दिया। आयोजन में हिंदी विभाग की स्नातक व स्नातकोत्तर की छात्राओं ने भाग लिया। दूसरी ओर राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं को सरदार पटेल पर बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। साथ ही 'समान नागरिकता संहिता' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने समान नागरिक संहिता को लागू करने के संवैधानिक, विधिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विभाग की लगभग 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

## 'जेंडर सेंसेटिव राजस्थान' पर आज विशेषज्ञ करेंगे चर्चा

**बेधड़क. जयपुर।** फ्यूचर सोसायटी और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में 'जेंडर सेंसेटिव राजस्थान' विषय पर कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को होगा। इसमें वरिष्ठ पत्रकार और मीडिया में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल होंगे। जेएलएन मार्ग स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज व ग्रामीण विकास संस्थान में सुबह 10 बजे से होने वाले कार्यक्रम में पीआईबी की एडीजी रितु शुक्ला, यूनिसेफ राजस्थान की चीफ इजाबेल बार्डेम, वरिष्ठ पत्रकार त्रिभुवन, नसरूद्दीन और जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी डायरेक्टर अमित अग्रवाल मौजूद रहेंगे। आयोजक रविता शर्मा ने बताया कि महिला मुद्दों से जुड़ी संवेदनशील खबरों के लेखन संबंधी जानकारियां साझा की जाएगी। साथ ही महिलाओं से जुड़े मुद्दों को मीडिया में प्रकाशित करने में प्राथमिकता देने संबंधी ट्रेनिंग दी जाएगी। इस दौरान देश-दुनिया की महिला विषयों पर प्रकाशित और प्रसारित खबरों के आधार पर विश्लेषणात्मक चर्चा होगी।

## City इवेंट्स

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर कई कार्यक्रम



**बेधड़क, जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इसमें उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। साथ ही उत्तर-पश्चिम रेलवे पर मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह में संगोष्ठी तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। एकता दिवस पर सुबह गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' का भी आयोजन किया गया। इसमें मंडल रेल प्रबंधक-जयपुर विकास पुरवार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रमुख स्टेशनों पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय चिकित्सालय जयपुर में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. रूचि जैन ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी व अस्पताल में उपस्थित आगंतुकों को एकता शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एस. आर. बुनकर व डॉ. राम मटोरिया ने सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने जीवन में प्रेरणा लेने के बारे में कहा। उत्तर-पश्चिम रेलवे पर 5 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह में प्रधान कार्यालय में सतर्कता जागरूकता विषय पर संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता हेमंत प्रियदर्शी अतिरिक्त महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान ने व्याख्यान दिया। साथ ही सतर्कता जागरूकता विषय पर प्रधान कार्यालय में रेल कर्मचारी कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

### दिल्ली-मुंबई के सिंगर्स सजाएंगे शाम



**बेधड़क, जयपुर।** रोटरी महाकुंभ डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस जयपुर में 20-21 जनवरी को होगी, जिसके लिए पोस्टर विमोचन व बैठक की गई। रोटरी प्रांत पाल डॉ. निर्मल के नेतृत्व में होने वाली डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस नवोत्सव की तैयारियों लिए राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर शहर के सभी रोटरी क्लब की आयोजक क्लब जयपुर सिटीजन के आतिथ्य में सभा आयोजित की गई। क्लब अध्यक्ष राजेश गंगवाल द्वारा स्वागत सम्बोधन किया। कांफ्रेंस चेयरमैन सुधीर जैन गोधा ने बताया कि नवीन डिस्ट्रिक्ट 3056 की प्रथम कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित स्पीकर फिल्म अभिनेता अनू कपूर, मोटिवेशनल गुरु एन रघु रमन, डॉ राजीव पुरी, लायंस इंटरनेशनल के राजू मनवानी और जयपुर के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सौरभ जैन संबोधित करेंगे। कॉन्फ्रेंस को रोचक बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर के भविष्यवक्ता, मैजिक शो, फैशन शो हास्य नाटक नेक चोर का मंचन किया जाएगा। शाम को मुंबई के सिंगर दिल्ली के बैंड से प्रस्तुति देंगे।

## 2000 मॉडल्स में से सलेक्ट टॉप-20 मॉडल्स ने लिया हिस्सा

# पिंकसिटी में 'मिस दीवा राजस्थान-2023' का खिताब प्रियंका ने किया अपने नाम



**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी की गुलाबी शाम को फैशन और ग्लैमर से भरे ब्यूटी पेजेंट ने ओर भी सुहाना बनाया तो फैशन लवर्स ने विनर्स को मोटिवेट किया। महीनों तक कई राउंड पार करके फाइनलिस्ट बनकर जब विजेता का ताज सिर पर सजा तो खुशी और उत्साह के आंसू बह निकले। नजारा था मिस दीवा राजस्थान सीजन-5 का। फिनाले की दौड़ में प्रदेशभर से आईं करीब 2 हजार मॉडल्स में से सलेक्ट टॉप-20 मॉडल्स ने जीत के लिए रोमांचक मुकाबले किए। फिनाले राउंड में मॉडल्स ने डिजाइनर ड्रेसेज के साथ रैंप वॉक कर दावेदारी पेश की। इस दौरान प्रियंका ने मिस दीवा राजस्थान-2023 का खिताब अपने नाम किया। वहीं अंजली ने फर्स्ट व हिमांशी ने सेकंड रनरअप के रूप में पहचान बनाई। आयोजक सुरेश प्रधान व डॉ. आलोक गुप्ता ने बताया कि प्रदेशभर से 2 हजार से ज्यादा गर्ल्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। रैंप पर वॉक, टॉक और कॉन्फिडेंस से जजेज ने 20 मॉडल्स को फिनाले के लिए सलेक्ट किया। अलग-अलग कैटेगरी की टाइटल मिस बॉडी ब्यूटीफुल, मिस फैशन आइकन, मिस कोंगेनीयलिटी, मिस फोटोजेनिक, मिस रैम्पवॉक, ग्लैमरस लुक मिस, मिस टैलेंटेड आदि की उपाधि देकर गर्ल्स को सम्मानित किया गया।

### टाइटल्स जीतकर उत्साहित हुए फ्रेशर्स



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फोर विमेन में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं खुशियों के रंग बिखेरते हुए न्यू कर्मस का वेलगम अनूठे अंदाज में किया। कल्चरल क्लब की ओर से दी ऑस्कर्स वे थीम पर हुई पार्टी में यशिका कुमावत ने युवाओं को मोटिवेट किया। चार राउंड में हुए कार्यक्रम में रैंप वॉक व टैलेंट राउंड खास थे। वहीं प्रश्नोत्तरी में गर्ल्स ने बेस्ट परफॉर्मेंस दीं। मिस फ्रेशर्स जान्हवी शर्मा, मिस रनरअप निहारिका सिंह, मिस वर्सेटाइल भूमिका रही। इसके अलावा मिस यूनिक और बेस्ट ड्रेस के अवॉर्ड भी दिए गए।

**आयोजन** | **IRS एसोसिएशन की पहली पेंटिंग-फोटो प्रदर्शनी संपन्न, बिक्री राशि का किया सदुपयोग**

# ट्राई साइकिल मिली तो दिव्यांगों के चेहरों पर आई मुस्कान

**बेधड़क | जयपुर**

देश में पहली बार जयपुर में आयोजित भारतीय राजस्व सेवा-आईआरएस अधिकारियों की पेंटिंग-फोटो प्रदर्शनी प्रदेश के कुछ दिव्यांगों के चेहरों पर मुस्कान दिला गई। राज्य इकाई ने पूर्व घोषणा के अनुसार प्रदर्शनी में बेची गई पेंटिंग व फोटो की धनराशि का एक हिस्सा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण पर खर्च किया गया।

दिव्यांगों को जब निशुल्क ट्राई साइकिल सौंपी गई तो यह साइकिल पाने वाले लोग आयकर अधिकारियों का आभार भी जता रहे थे। इस मौके पर राजस्थान में आयकर विभाग की प्रमुख और प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त इरीना गर्ग के अलावा राज्य में आयकर अन्वेषण शाखा के प्रमुख राज टंडन के अलावा अनेक वरिष्ठ और सेवा निवृत आयकर अधिकारियों के अलावा जयपुर के प्रमुख कला प्रेमी भी मौजूद थे। आईआरएस एसोसिएशन की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मनोज मेहर ने कहा कि इस पेंटिंग व फोटों प्रदर्शनी के समापन के बाद भी आईआरएस एसोसिएशन के सामाजिक सरोकार जारी रहेंगे।



### सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारियों की ही पेंटिंग



इस पेंटिंग-फोटो प्रदर्शनी की खास बात यह रही कि इसमें केवल मौजूदा अथवा सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारियों की पेंटिंग व फोटो का ही प्रदर्शन किया गया। कुछ अपवादों को छोड़ अधिकांश नयनाभिराम पेंटिंग और रोमांच का अहसास कराने वाली फोटों की कीमत महज 5 हजार से 25 हजार रुपए के बीच रखी गई थी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पेंटिंग व फोटो का एग्जिबिशन करने वाले भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों की इन पेंटिंग को जयपुर के कला पारखियों ने सस्ता सौदा माना और पहले ही दिन कुछ पेंटिंग व फोटो बुक भी हो गई।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 01 नवंबर, 2023



जो प्रेम में होते हैं, वे छल नहीं समझ पाते और जो छल में होते हैं, वे कभी प्रेम नहीं समझ पाते।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



**गाजा में फिलिस्तीनियों की जिंदगी और मौत का सवाल**

# तत्काल संघर्ष विराम जरूरी: संयुक्त राष्ट्र



## 8,300
### मौतें अब तक...

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यालय ने बताया कि गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 8,300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें से 66 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं तथा हजारों लोग घायल हुए हैं। यूनीसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने बताया कि मृतकों में 3,400 से अधिक बच्चे शामिल हैं और 6,300 से अधिक बच्चे घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, 'इसका मतलब है कि गाजा में हर दिन 420 से अधिक बच्चे मारे जा रहे हैं.... यह ऐसी संख्या है जो हमारी आत्मा को झकझोर कर रख देगी।'

**एजेंसी** | संयुक्त राष्ट्र

फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख फिलिप लजारिनी ने सोमवार को विश्व निकाय की एक आपात बैठक में, इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष पर कहा कि 'तत्काल मानवीय संघर्ष विराम जरूरी है क्योंकि गाजा में लाखों लोगों के लिए जीवन और मृत्यु का प्रश्न है।' उन्होंने इजराइल पर फिलिस्तीनियों को 'सामूहिक दंड' देने और नागरिकों का जबरन विस्थापन करने का आरोप लगाया। लजारिनी ने आगाह किया कि भोजन और अन्य सहायता की बाट जोह रहे फिलिस्तीनियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के गोदामों में लूटपाट के बाद नागरिक व्यवस्था ध्वस्त होने से 'गाजा में संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी एजेंसी के लिए अपना काम जारी रखना बेहद मुश्किल हो जाएगा।' इधर, इजराइली बलों ने मंगलवार को उत्तरी गाजा में हमास के आतंकियों और बुनियादी ढांचे पर जमीनी हमला किया। इजराइली सेना लगातार हवाई हमले भी कर रही है। सेना का कहना है कि तीन सप्ताह पहले शुरू हुए युद्ध के बाद से उत्तरी गाजा से करीब 8,00,000 लोग पलायन कर चुके हैं।

### नेतन्याहू संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं



इजराइली सेना, इसके टैंक और बख्तरबंद वाहन सोमवार को गाजा के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच गए और उन्होंने हमास के उग्रवादियों द्वारा बंदी बनाई गई एक सैनिक को मुक्त करा लिया। इसके साथ ही इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संघर्ष विराम के आह्वान को मानने से इनकार कर दिया। इजराइली बलों के हवाई हमलों के जरिए उन अस्पतालों के आसपास के क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया, जहां हजारों फलस्तीनी घायल शरण लिए हुए हैं।

### गाजा में सीज फायर नहीं तो वोट नहीं



इजराइल-हमास युद्ध की आग अमेरिका में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनावों तक जा पहुंची है। कई अमेरिकी मुस्लिमों और सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दो टूक लहजे में कहा है कि अगर बाइडेन गाजा पट्टी में युद्ध विराम करवाने की तत्काल पहल नहीं करते हैं तो 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में उन्हें वोट देने और चंदा देने से रोकने के लिए लाखों मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट करेंगे।

**कनाडा में जस्टिन टूडो को झटका**

# भारत विरोधी मिशन फेल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो का भारत विरोधी अभियान फेल हो गया है। उनकी शह पर उधम मचा रहे खालिस्तान समर्थकों का जनमत संग्रह फ्लॉप साबित हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश कोलंबिया के 15 गुरुद्वारों में दूसरी बार बुलाए गए जनमत संग्रह में 2000 लोग भी इकट्ठा नहीं हो सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुश्किल से 1500 लोग ही अलग खालिस्तान के समर्थन में वोट कर पाए।

खालिस्तान समर्थकों को उम्मीद थी कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का दांव चल जाएगा लेकिन उसे भी सिखों ने सिरे से खारिज कर दिया। इस जनमत संग्रह में कोई भी नया सिख ग्रुप शामिल नहीं हो सका। रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां केवल युवा समूह ही नजर आया। खालिस्तानियों ने उसी सरे शहर में जनमत संग्रह का आयोजन किया था, जहां जून में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या जून में कर दी गई थी और ज्स्टिन टूडो ने उस हत्या में भारत की संलिप्तता के बेबुनियाद आरोप लगाए थे।

## 2000 लोग भी जुटा नहीं सके खालिस्तानी



**कनाडा का आरोप... बेतुका-बेबुनियाद**

भारत और कनाडा के संबंध पिछले महीने सबसे खराब स्थिति में आ गए जब कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो ने जून में निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों के संभावित संबंध का आरोप लगाया था। भारत ने कनाडा के आरोपों को "बेतुका और बेबुनियाद" बताते हुए खारिज कर दिया था। भारत ने कनाडा से अपनी धरती से सक्रिय आतंकियों और भारत विरोधी तत्वों पर सख्ती बरतने को कहा था और कनाडाई लोगों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित कर दी थीं।

### वोट बताए 1.35 लाख, वास्तविक 2,398

सिख फॉर जस्टिस ने अनौपचारिक जनमत संग्रह के लिए ब्रिटिश कोलंबिया में दूसरे दौर का मतदान का आयोजन किया था। खालिस्तान जनमत संग्रह के लिए पहला मतदान 10 सितंबर को ब्रिटिश कोलंबिया में आयोजित किया गया था, लेकिन वह अधूरा रह गया था। 10 सितंबर को हुए पिछले जनमत संग्रह में 1.35 लाख वोटों का दावा किया गया था, लेकिन वास्तविक मतदान सिर्फ 2,398 वोट ही था।

## जलवायु वैज्ञानिक सलीमुल का निधन

**ढाका।** दुनिया को गरीब देशों पर वैश्विक ताप वृद्धि के बढ़ते असर को समझने और उससे निपटने के लिए प्रेरित करने वाले बांग्लादेश के अग्रणी जलवायु वैज्ञानिक सलीमुल हक का ढाका में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। वाशिंगटन विवि के जलवायु व स्वास्थ्य वैज्ञानिक और हक की मित्र क्रिस्टी एबी ने कहा, 'सलीमुल ने हमेशा गरीब और वंचितों पर ध्यान केंद्रित किया।

**अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे छह माह**

# तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौटे

**एजेंसी** | ताइपे

चीन के तीन अंतरिक्ष यात्री छह महीने तक अपने देश के अंतरिक्ष स्टेशन पर रहने के बाद मंगलवार सुबह पृथ्वी पर लौट आए। रिपोर्ट के अनुसार ने जिंग हाइपेंग, झू यांगझू और गुई हाइचाओ गोबी रेगिस्तान के किनारे जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र के पास 'रिटर्न कैप्सूल' से बाहर आए। तीनों का स्वास्थ्य अच्छा है। अंतरिक्ष स्टेशन का नया तीन सदस्यीय दल पिछले सप्ताह तियांगोंग स्टेशन पर पहुंचा। यह नया दल चिकित्सकीय और वैज्ञानिक प्रयोग करने के साथ साथ उपकरणों का रखरखाव करेगा।


चीन ने 2003 में अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन को अंजाम दिया और 2030 से पहले चंद्रमा पर उसने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना बनाई है। चीन ने चंद्रमा की सतह से नमूने लिए और चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर एक रोवर उतारा है। उसकी भविष्य की योजनाओं में ब्रह्मांड के रहस्यों के गहन अध्ययन के लिए एक नई दूरबीन भेजना शामिल है।

**मंगल के चंद्रमाओं से जुड़े रहस्य खोलेगा जापान**

# लाल ग्रह भेज रहा है नया स्पेसक्राफ्ट

**एजेंसी** | टोक्यो

मंगल ग्रह भी कई रहस्यों से युक्त माना जाता है। खासतौर से मंगल पर जीवन है या नहीं, ये पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों के सामने एक पहेली है। जीवन की संभावनाओं के अलावा भी लाल ग्रह पर बहुत से ऐसे रहस्य हैं, जिनको हल करने की कोशिश में वैज्ञानिक हैं। अभी तक कोई निश्चित रूप से नहीं जानता कि मंगल के दो चंद्रमा फोबोस और डेमोस कहां से पहुंचे या वे किस चीज से बने हैं। अब जापान का मार्टियन मून्स एक्सप्लोरेशन (एमएमएक्स) स्पेसक्राफ्ट मिशन में फोबोस की ड्रिलिंग और सैपलिंग में शामिल है। ये वहां से अहम चीजों को इकट्ठा कर पृथ्वी पर वापस भेजेगा।



### फोबोस और डेमोस नाम है इन चंद्रमाओं के

मंगल के ये चंद्रमा गोलाकार भूमध्यरेखीय कक्षाओं में हैं। फोबोस धीरे-धीरे मंगल ग्रह की ओर बढ़ रहा है, जबकि डेमोस धीरे-धीरे दूर जा रहा है। जापानी स्पेस एजेंसी का स्पेसक्राफ्ट एमएमएक्स मंगल पर पहुंचकर इसके चंद्रमाओं से जुड़े सवालों को सुलझाने में मदद के लिए तैयार है। मिशन में नासा और अमेरिका ने भी सहयोग किया है। एमएमएक्स अगले साल अपने गंतव्य की ओर जाएगा। एक बार जब इसका मिशन पूरा हो जाएगा तो धरती पर करीब एक साल तक इसकी जांच होगी

### इसमें होंगे एक दर्जन उपकरण

एमएमएक्स स्पेसक्राफ्ट पर करीब एक दर्जन वैज्ञानिक उपकरण होंगे, जिनमें से सात रिमोट सेंसिंग और मंगल ग्रह के चंद्रमाओं के ऑन-द-स्पॉट जांच के लिए रखे गए हैं। दो फोबोस से सामग्री एकत्र करने के सैंपलिंग इंस्ट्रूमेंट हैं। दो उपकरण एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजी की जांच और डेवलप करने के लिए किए गए हैं। चंद्रमा की सतह से फोबोस के नमूने एक सैंपलिंग रिटर्न कैप्सूल में इकट्ठा किए जाएंगे। कोरर सैंपलर एक रोबोटिक बाजू का उपयोग करता है जो मंगल ग्रह के चंद्रमा से उपसतह सामग्री इकट्ठा करेगा, जिसे रिटर्न कैप्सूल में एक ट्यूब में इकट्ठा किया जाएगा।

**पाक सुप्रीम कोर्ट का भ्रष्टाचार मामलों में आदेश**

# जवाबदेही अदालतें न दें अंतिम निर्णय

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामलों में देश की जवाबदेही अदालतों को अंतिम निर्णय सुनाने से मंगलवार को रोक दिया।

रिपोर्ट के अनुसार,'उच्चतम न्यायालय ने 15 सितंबर को बहुमत से दिए गए अपने फैसले के खिलाफ पहली बार 'अंतर-अदालत अपीलों' (आईसीए) की सुनवाई करते हुए निर्देश जारी किए, जिसने जवाबदेही कानून में संशोधनों को रद्द कर दिया था।' इसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालय ने तब तक के लिए सुनवाई स्थगित कर दी, जब तक मुख्य न्यायाधीश की शक्तियों से संबंधित कानून पर कोई विस्तृत निर्णय नहीं आ जाता। उच्चतम न्यायालय (अभ्यास एवं प्रक्रिया) अधिनियम 2023 के कार्यान्वयन के बाद पहली 'अंतर-अदालत अपील' दायर की गई थी। इसमें कहा गया, 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) कानून में किए गए संशोधनों को चुनौती दी थी।' पूर्व सीजेपी उमर अता बंदियाल, जस्टिस इजाज उल अहसान और जस्टिस सैयद मंसूर अली शाह की तीन सदस्यीय पीठ ने मामले में 50 से अधिक सुनवाई की और 2022 में पहले और दूसरे एनएबी संशोधनों को 15 सितंबर को 2-1 के बहुमत से अमान्य घोषित कर दिया था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl